CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## अमेरिकी हाउस में रूस प्रतिबंध विधेयक पारित; भारत और चीन पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का रास्ता साफ

नई दिल्ली। यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से अमेरिकी संसद ने एक सख्त कदम उठाया है। लिंडसे ओ. ग्राहम सेंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नामक इस विधेयक को अमेरिकी सीनेट के बाद अब प्रतिनिधि सभा में भी 262-159 के बहुमत से मंजूरी मिल गई है। यह बिल अब अंतिम मंजूरी के लिए व्हाइट हाउस भेजा जा रहा है, जहाँ राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा।



### अमेरिकी संसद में पास बिल का मुख्य उद्देश्य

इस विधेयक का मुख्य लक्ष्य यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को लेकर मॉस्को पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है। इसके तहत रूस के ऊर्जा, रक्षा क्षेत्र और उसके शैडो एसेट टैंकर्स को निशाना बनाया गया है, जिन पर मौजूदा अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में मॉस्को की मदद करने का आरोप है। इसके साथ ही इस विधेयक में ईरान पर भी अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

### भारत और चीन पर क्या हो सकता है असर

यूक्रेन युद्ध के बाद से वैश्विक ऊर्जा व्यापार प्रभावित होने पर भारत रूसी कच्चे तेल का एक बड़ा खरीदार बनकर उभरा है। इस नए कानून के तहत प्रावधान किया गया है कि जो देश रूस से तेल और गैस की खरीद जारी रखेंगे, उन पर अमेरिकी राष्ट्रपति 100 प्रतिशत तक द्वितीयक शुल्क लगा सकते हैं। प्रतिनिधि सभा में बहस के दौरान भारत और चीन की विशेष रूप से पहचान की गई है कि इस कानून का सीधा प्रभाव इन दोनों देशों के निर्यात पर पड़ सकता है। इतिहास किताबें खोजें

### भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ खुद-ब-खुद लागू हो जाएगा?

विधेयक का पारित होना भारत पर स्वचालित रूप से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू नहीं करता है। यह कानून केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत जैसे देशों से आने वाले सामानों पर दंडात्मक शुल्क लगाने का एक कानूनी साधन और अधिकार प्रदान करता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह होगा कि ट्रम्प इस अधिकार का इस्तेमाल भारत और चीन के खिलाफ किस तरह और कब करते हैं।

### डेमोक्रेटिक पार्टी का विरोध

प्रतिनिधि सभा में इस बिल को 262-159 मतों से पारित किया गया, जिसमें कई डेमोक्रेट्स ने भी रिपब्लिकन का समर्थन किया। हालाँकि, कुछ प्रमुख डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति को टैरिफ के इतने व्यापक अधिकार देने का विरोध किया। डेमोक्रेटिक कांग्रेसमैन ग्रेगरी मीक्स ने तर्क दिया कि यह बिल एक ऐसे राष्ट्रपति को और अधिक टैरिफ शक्तियाँ सौंपेगा जो पहले से ही अमेरिकी विदेश नीति के उपकरण के रूप में टैरिफ का व्यापक उपयोग करते हैं। उन्होंने रूस के व्यापारिक सहयोगियों पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाने वाले प्रावधानों को हटाने की मांग भी रखी थी।

## रूसी तेल खरीद पर 100 प्रतिशत टैरिफ के अमेरिकी कानून पर भारत ने दिया जवाब, कहा- कई मोर्चों पर होगा हिसाब

नई दिल्ली। अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों को लेकर एक बार फिर टैरिफ का मुद्दा सामने आया है। अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने रूस और ईरान से जुड़े प्रतिबंधों वाला Lindsey O. Graham Sanctioning Russia and Iran Act of 2026 पास कर दिया है।

इस कानून में रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रावधान है। बिल बुधवार को 262-159 वोट से पास हुआ। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखने वाले बड़े खरीदार देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का कानूनी रास्ता मिल सकता है। भारत और चीन जैसे बड़े रूसी तेल खरीदार इस प्रावधान के दायरे में आ सकते हैं।

### भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ तुरंत नहीं लगेगा

इस घटनाक्रम के बाद भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, मौजूदा स्थिति में यह कहना सही नहीं होगा कि भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। अमेरिकी कानून राष्ट्रपति को 100ठ्ठ तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है, लेकिन वास्तविक टैरिफ कितना लगाया जाएगा और कब लगाया जाएगा, यह आगे के फैसलों पर निर्भर करेगा। बिल फिलहाल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की प्रक्रिया में है। अमेरिकी बिल पर भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अमेरिकी कांग्रेस में रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून के पारित होने का संज्ञान लिया है और आगे होने वाले घटनाक्रम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में 1.50 करोड़ से अधिक आशीर्वाद के दीये प्रज्ज्वलित, सुशासन और संकल्प का सदेश

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्ष की सेवा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आज छत्तीसगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद के दीये कार्यक्रम का व्यापक आयोजन किया गया. प्रदेशभर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए 1.50 करोड़ से अधिक दीये प्रज्वलित किए. गांव से लेकर शहर तक विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के प्रति जनभावनाएं व्यक्त की गई.



### अपना जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किया है. उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, जनकल्याण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं. प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में जुटे हैं और उनके नेतृत्व में आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है. आशीर्वाद के दीये कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से दीये जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं दीं. अनेक स्थानों पर दीपों से आकर्षक आकृतियां एवं संदेश भी बनाए गए.

### 25 लाख दीयों से जगमाया मरीन ड्राइवः पीएम मोदी को बधाई देने सीएम साय, भाजपाईयों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

रायपुर(दावा)। पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा काल के 25 साल पूरे होने और और उनके जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाम लगभग सात बजे शुरू हुआ कार्यक्रम। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस कार्यक्रम में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि, पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में भाजपा मना रही है। इस दौरान 17 सितंबर की शाम तेलीबांधा तालाब के पास मरीन ड्राइव के किनारे आशीर्वाद का दिया जलाकर कार्यकर्ता बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं और भगवान से श्री मोदी के दीर्घायु हाने की कामना कर रहे हैं। तेलीबांधा तालाब किनारे भाजपा कार्यकर्ता और आमजन मिलकर 25 लाख दिया जला रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस कार्यक्रम में शामिल हैं। दीये जलाने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं भी मदद करने पहुंचे हैं। दीयों जलते ही पूरा तेलीबांधा तालाब चारों ओर से जगमगाने लगा।



### 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक जनभागीदारी

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में सेवा और जनभागीदारी का विशेष वातावरण देखने को मिला. मंदिरों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मैदानों में बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित हुए और दीप प्रज्वलित किए. कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और सकारात्मक बदलाव के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया.

सेवा संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न जनसेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. अभियान का उद्देश्य सेवा और सुशासन की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों को रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों से जोड़ना है.

## ब्रिक्स डिक्लेरेशन का सर्वसम्मति से पारित होना वैश्विक विश्वास का प्रतीक - पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सेमीकॉन इंडिया 2026 का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। सिलिकॉन टू सिस्टम्स बिल्डिंग द इकोसिस्टम विषय पर आधारित इस वैश्विक सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने देश की आर्थिक उपलब्धियों, सेमीकंडक्टर क्षेत्र की प्रगति और हालिया कूटनीतिक सफलताओं पर विस्तार से अपनी बात रखी। सेमीकॉन इंडिया के उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए 2026 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र को सभी सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच जारी भू-राजनीतिक गतिरोध के बावजूद पूरी रात चली वार्ता के बाद भारत ने इस ऐतिहासिक घोषणापत्र पर आम सहमति बनाने में सफलता पाई, जो वैश्विक मंच पर भारत की मध्यस्थता और नेतृत्व क्षमता पर दुनिया के अटूट विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। देश के आर्थिक प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि सितंबर माह में जारी तिमाही जीडीपी रिपोर्ट में भारत ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद 7.8 प्रतिशत की मजबूत विकास दर दर्ज की है। इसके अलावा, इसी समयावधि में जापान की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा भारत की sovereign रेटिंग को अपग्रेड किया गया है, जो देश के मजबूत आर्थिक आधार और निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। सितंबर महीने की अन्य प्रमुख तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में एजेंटिक AI, टोकेनाइजेशन और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए समावेशी वित्त पोषण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। भारत आज नई पीढ़ी की तकनीकों को अपनाकर वित्तीय सशक्तिकरण को नई दिशा दे रहा है। दक्षिण-एशियाई और प्रवासी संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के साथ पीएम विश्वकर्मा योजना का यह संयोग भारत की सदियों पुरानी निर्माण व सृजन की परंपरा को 21वीं सदी की आधुनिक तकनीक और दूरदर्शी दृष्टि के साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है।



## टीएमसी का नाम और सिंबल दोनों हुए फ्रीज, ममता और ऋतब्रित गुट को लगा झटका, ईसी ने कल तक मागे विकल्प

कोलकाता। पश्चिम बंगाल उपचुनाव 2026 से पहले पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और रिताब्रता बनर्जी की पार्टी को तगड़ा झटका लगा है. इनके नेतृत्व वाले दोनों गुटों में से कोई भी 6 अक्टूबर 2026 को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव में एआईटीसी और 'फूल और घास' (चुनाव चिह्न) का इस्तेमाल नहीं कर सकता.



देश में छह अक्टूबर को पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम व रेजीनगर समेत कई सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं. उपचुनाव 2026 से पहले चुनाव आयोग ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और रिताब्रता बनर्जी की पार्टी को तगड़ा झटका दिया है. आयोग ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और इसके चुनाव चिह्न 'फूल और घास' पर फिलहाल रोक लगाने का फैसला किया है.

### नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ऋतब्रित बनर्जी के नेतृत्व वाले दोनों गुटों में से कोई भी 6 अक्टूबर 2026 को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव में इनका इस्तेमाल नहीं कर पाएगा. आयोग ने पुराने उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि इसका मकसद 'दोनों विरोधी गुटों को समान स्थिति में लाना और उनके अधिकारों व हितों की रक्षा करना' है.

चुनाव आयोग ने 17 सितंबर 2026 को जारी अपने अंतरिम आदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल उपचुनाव में ममता बनर्जी और ऋतब्रित बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट अपने-अपने समूहों के लिए चुने गए नामों से जाने जाएंगे, जिसमें वे चाहें तो अपनी मूल पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का जिक्र भी कर सकते हैं. खास बात यह भी है कि उपचुनाव 2026 में दोनों गुटों को ऐसे अलग-अलग चुनाव चिह्न भी आवंटित किए जाएंगे, जिन्हें वे मौजूदा उपचुनावों के लिए चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचित फ्री सिंबल की सूची से चुन सकते हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला; पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर घटाया निर्यात शुल्क



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू रिफाइनरियों और पेट्रोलियम निर्यातकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ईंधन पर लागू होने वाले विंडफॉल टैक्स और एक्सपोर्ट लेवी की समीक्षा की है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना और समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, 1 सितंबर से लागू दरों की तुलना में पेट्रोल, डीजल और हवाई ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को काफी कम कर दिया गया है।भारतीय समाचार

### पेट्रोल और डीजल पर एक्सपोर्ट लेवी में राहत

सरकार द्वारा जारी नए संशोधनों के अनुसार, पेट्रोल पर एक्सपोर्ट लेवी में 1 रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है। इस संशोधन के बाद पेट्रोल पर लगने वाला निर्यात शुल्क 1.5 रुपये प्रति लीटर से घटकर अब 0.5 रुपये यानी महज 50 पैसे प्रति लीटर रह गया है। वहीं, डीजल पर निर्यात शुल्क में 5 रुपये प्रति लीटर की बड़ी कटौती की गई है। इसके चलते डीजल पर लगने वाली लेवी 25 रुपये प्रति लीटर से कम होकर 20 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि डीजल पर लागू पिछली 25 रुपये की संरचना में 24 रुपये प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी और 1 रुपये प्रति लीटर रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस शामिल था।

### हवाई ईंधन यानी एटीएफ पर शुल्क में संशोधन

हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ पर लागू एक्सपोर्ट ड्यूटी में भी राहत दी गई है। सरकार ने एटीएफ पर लगने वाले निर्यात शुल्क में 4 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कटौती के साथ ही एटीएफ पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी 19 रुपये प्रति लीटर से घटकर 15 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है। सरकार का यह संशोधन फिलहाल अगले दो सप्ताह की अवधि के लिए ही लागू रहेगा, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। सरकार द्वारा केवल एक्सपोर्ट लेवी घटाने के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा कि देश के घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम तुरंत कम हो जाएंगे। एक्सपोर्ट लेवी मुख्य रूप से रिफाइनरियों द्वारा विदेश भेजे जाने वाले ईंधन पर लागू होती है।सरकारी योजनाएं खोजे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकवादी ढेर; सर्च ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार देर रात सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। दोनों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है।



अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF ने मजालता इलाके के दूरदराज के ब्राटेल सोअन और खुब्बन क्षेत्रों में बुधवार रात करीब 9 बजे संयुक्त अभियान शुरू किया था।

सुरक्षाबलों की टीम संदिग्ध आतंकियों की तलाश में जंगल और आसपास के इलाकों में अभियान चला रही थी। इसी दौरान देर रात आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच संपर्क स्थापित हुआ और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है। इलाके में किसी अन्य आतंकी की मौजूदगी की आशंका को देखते हुए सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के SOG ने सेना के साथ मिलकर यह एंटी-टेरर ऑपरेशन शुरू किया था। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद होने की जानकारी भी सामने आई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## श्रमवीरों के परिश्रम और पसीने से हो रहा समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### श्रमिकों का सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और उनके परिवारों का उज्ज्वल भविष्य हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हजारों श्रमिकों के साथ मुख्यमंत्री ने प्रज्ज्वलित किया 'आशीर्वाद का दीया'

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के श्रमवीर अपने परिश्रम, पुरुषार्थ और पसीने से समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की नई इबारत लिख रहे हैं। गांवों के खेत-खलिहानों से लेकर शहरों की ऊंची इमारतों तक, सड़कों और पुलों से लेकर सिंचाई परियोजनाओं, उद्योगों और अधोसंरचना के निर्माण तक प्रदेश की प्रगति की हर तस्वीर में हमारे श्रमिक भाई-बहनों की मेहनत समाहित है। छत्तीसगढ़ ने अपने गठन के 25 वर्षों में विकास के जो नए प्रतिमान स्थापित किए हैं, उनके पीछे हमारे मेहनतकश हाथों का बड़ा योगदान है। यही हाथ आने वाले वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को भी साकार करेंगे।



मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशभर से आए हजारों श्रमिक भाई-बहनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भगवान विश्वकर्मा से छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के आराध्य हैं। वे हमें श्रम के सम्मान और अपने हुनर पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। सही मायनों में हमारे श्रमिक भाई-बहन ही विकसित छत्तीसगढ़ के विश्वकर्मा हैं। राज्य सरकार श्रमिकों के परिश्रम का सम्मान करने के साथ उनके जीवन में सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सोच स्पष्ट है कि विकास का लाभ उस श्रमिक तक भी पहुंचे, जिसके श्रम से विकास की नींव तैयार होती है। श्रमिक को उसके परिश्रम का पूरा सम्मान मिले, उसे सामाजिक सुरक्षा का भरोसा मिले, परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बने और उसके बच्चों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें - इसी उद्देश्य के साथ सरकार श्रमिक कल्याण की योजनाओं को लगातार विस्तार दे रही है।

### श्रमिक हित में मुख्यमंत्री की तीन बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में श्रमिक भाई-बहनों की सुविधा, आवागमन और स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने शहरों में रोजगार की तलाश में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इन केंद्रों में श्रमिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्यआवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे काम की तलाश में शहर आने वाले श्रमिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी जी के जन्म दिवस पर लाखों की संख्या में जले आशीर्वाद के दीए, जगमगाई संस्कारधानी

## बाजार में जमकर रही दीयों की रही मांग, लोकल फार वोकल का दिखा असर

राजनांदगांव (दावा)। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन संयोग ही है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पड़ा। देश अपने प्यारे प्रधानमंत्री का जन्मदिन हजारो की संख्या में आशीर्वाद के दीए जलाकर मनाया और दीपोर्ज्योति के आलोक में प्रधानमंत्री मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए जुग-जुग जीयो का आशीर्वाद दिया।

बता दें कि देश ही नहीं विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने अपने शिखर पुरुष नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन की शुरुआत सेवा संकल्प अभियान रुप की और जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर लाखों की संख्या में आशीर्वाद के दीए जलाए जिसका ज्योतिर्मयी आलोक चहुंदिश फैला रहा। भाजपाइयों ने मोदी जी के 17 सितंबर को जन्मदिन से लेकर आगामी 17 अक्टूबर तक विभिन्न योजनाओं के आलोक में विविध कार्यक्रम आयोजित किए हैं। जो महिने भर तक अपना रंग बिखेरते रहेगा। देश के उर्जावान, दबंग एवं प्रगतिशील सोच के प्रधानमंत्री मोदी जी के 76 वे जन्म दिवस को न केवल भाजपाईयो ने हर आम और खास लोगों ने मनाया,, महिलाओं ने अपने घरों में दीवाली की तरह दीए जलाकर मोदी जी को लिए स्वस्थ एवं यशस्वी होने का आशीर्वाद दिया और भगवान से मोदी जी के हाथों देश को उन्नति और प्रगति के शिखर पर ले जाने की कामना की।

### दीयों के देदीप्यमान आलोक से जगमगाई संस्कारधानी

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन गुरुवार को शहर सहित पूरे अंचल भर में धूमधाम से मनाया गया।



भाजपाईयों सहित कई संस्था-संगठन के लोगों ने रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किए वहीं कई लोगों अस्पतालों में जाकर मरीजों को व वृद्धाश्रम जाकर वृद्धजनों की सेवा कर फल व मिठाईयां बांटी।

शहर के माहेश्वरी समाज के लोगों ने माहेश्वरी भवन में सैकड़ों दीए जलाकर मोदी जी को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलन कर मोदी जी को अब तक के देश के सर्वश्रेष्ठ और देश को उन्नति और प्रगति के शिखर पर ले जाने वाला प्रधानमंत्री बताया। इस दौरान माहेश्वरी समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण डागा, गौ-सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पुरुषोत्तम गांधी, बाल समाज के सक्रिय सदस्य दामू भूतड़ा, हरीश गांधी सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी जन उपस्थित थे। इसी तरह गंज चौक में पार्षद रानु जैन व पार्षद प्रतिनिधि रहे अरुण दामले आदि द्वारा अहिंसा द्वार व बालाजी मंदिर सहित बाल समाज गणेश पंडाल में हजारों की संख्या में दीए जलाकर कर मोदी जी को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान बाल समाज के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मोदी जी के जन्म दिवस पर गंज चौक इलाके में जलाए गए हजारों की संख्या में आशीर्वाद दिये के ज्योतिर्मयता को लोगों की भीड़ रही। शाम को भगवान श्री गणेश की आरती-पूजा के समय आशीर्वाद मंडल में भी आशीष गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में मोदी जी के जन्म दिन पर हजारों की संख्या में दीप जलाकर वातावरण को आलोकित किया गया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

बता दें कि मोदी जी के जन्म दिन को सेवा व संकल्प अभियान के रूप में मनाने प्रशासन भी एक्शन मोड में रहा। मोदी जी के जन्म दिन 17 सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी। हर अधिकारी-कर्मचारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए लक्ष्य के साथ जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी तदनुसार मोदी जी के जन्मदिवस कार्यक्रम श्रमदान, साफ-सफाई, पौधरोपण के अलावा अन्य तरह के कार्यक्रमो सहित आशीर्वाद दीया जलाने का गरिमामय आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भाजपा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि के प्रभार वाले क्षेत्र लखोली, राहुल नगर आदि जगहों में वहां के पार्षदों व वार्डवासियों की उपस्थिति में आशीर्वाद के जगमग दीए जलाए गए। इसी तरह गायत्री शक्तिपीठ में हरिश गांधी ने गायत्री मंत्र के साथ आशीर्वाद दीयों का प्रज्वलन किया।

शहर के शीतला मंदिर से लेकर नगर निगम, जयस्तंभ चौक, रानी सागर तट स्थित शनि धाम व अन्य मंदिरों देवालयों सहित सामाजिक संस्था -संगठनो के भवनों के अलावा अपने -अपने घरों और कार्यालयों में मोदी जी के नाम सैकड़ों की संख्या में आशीर्वाद के दीए जलाए गए और लोगो द्वारा मोदी जी के 76 वे ज़न्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के पूर्व ही बुजुर्ग भक्त ने दम तोड़ा

## बंद रोपवे को चालू कर अचेत अवस्था में महिला को नीचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी के दर्शन की इच्छा लेकर महाराष्ट्र से डोंगरगढ़ पहुंची 67 वर्षीय महिला की मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई। मां बमलेश्वरी पहाड़ी पर स्थित दादी माता मंदिर के पास सीने में दर्द की शिकायत के बाद वह वहीं बैठ गईं। परिजनों की सूचना पर मंदिर ट्रस्ट ने तत्काल मदद पहुंचाई और महिला को रोपवे के जरिए नीचे लाकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतका की पहचान भंडारा जिले के डोंगरगांव निवासी निर्मला बोरकर के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह निर्मला अपनी छोटी बहन सुलोचना और भाभी के साथ पावर हाउस क्षेत्र से पैदल मां बम्लेश्वरी मंदिर के लिए निकली थीं। परिजनों के मुताबिक, गर्मी अधिक होने के कारण सीढ़ियां चढ़ते समय उन्होंने रास्ते में नींबू पानी भी पिया था।परिजनों के अनुसार, मंदिर की ओर धीरे-धीरे सीढ़ियां चढ़ते हुए तीनों दादी माता मंदिर के पास पहुंचीं। इसी दौरान निर्मला अचानक बैठ गईं। उन्होंने परिजनों से सीने में दर्द होने की बात कही। उनकी हालत बिगड़ती देख परिजन तत्काल मंदिर कार्यालय पहुंचे और घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और महिला को नीचे लाने की व्यवस्था शुरू की। बताया गया कि उस समय मेंटेनेंस के चलते रोपवे बंद था। महिला की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलने के बाद ट्रस्ट ने तत्काल रोपवे चालू कराया। निर्मला के साथ उनकी बहन और भाभी को भी रोपवे के जरिए नीचे लाया गया।इसके बाद ट्रस्ट की एंबुलेंस से निर्मला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पहली बार मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने पहुंची थीं

निर्मला की छोटी बहन सुलोचना ने बताया कि 15



सितंबर को पावर हाउस क्षेत्र स्थित उनके घर में गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्मला एक दिन पहले डोंगरगढ़ आई थीं। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने की इच्छा जताई थी।सुलोचना के मुताबिक, निर्मला इससे पहले कभी डोंगरगढ़ नहीं आई थीं। गुरुवार सुबह दोनों बहनें अपनी भाभी के साथ मंदिर के लिए निकली थीं। वे सीढ़ियां धीरे-धीरे चढ़ते हुए दादी माता मंदिर के पास तक पहुंची थीं, लेकिन मंदिर पहुंचने से करीब 100 सीढ़ियां पहले ही निर्मला की तबीयत अचानक बिगड़ गई।बहन की मौत के बाद सुलोचना भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि निर्मला पहली बार मां बम्लेश्वरी के दर्शन करना चाहती थीं, लेकिन दर्शन से पहले ही उनकी मौत हो गई।निर्मला के पति रमेश बोरकर किसान हैं। परिवार में उनका एक बेटा और दो बेटियां हैं।

### ट्रस्ट ने जताई संवेदना

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट डोंगरगढ़ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि दादी माता मंदिर के पास दर्शन के लिए जा रही महिला ने सीने में दर्द की शिकायत की थी। परिजनों द्वारा मंदिर कार्यालय में सूचना दिए जाने के बाद ट्रस्ट की ओर से तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई।उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस के लिए बंद रोपवे को तत्काल चालू कराया गया और महिला को नीचे लाया गया। इसके बाद ट्रस्ट की एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ट्रस्ट समिति ने घटना पर संवेदना व्यक्त की है।

# राज्य स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता : राजनांदगांव की महिला वेटलिफ्टरों ने जीता जूनियर व सीनियर वर्ग चैंपियनशिप ट्रॉफी

राजनांदगांव (दावा)। कांकेर जिले के मिनी स्टेडियम में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित 24वीं सब-जूनियर (बालक-बालिका) एवं अस्मिता खेलो इंडिया (बालिका-महिला) भारोत्तोलन प्रतियोगिता में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। राजनांदगांव जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित अजमानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के मार्गदर्शन में संपन्न इस तीन दिवसीय स्पर्धा में जिले के भारोत्तोलकों ने कुल 18 पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ दुर्ग सांसद एवं संरक्षक छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ विजय बघेल, संघ के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना और कांकेर विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वहीं समापन समारोह जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर रमेश कुमार निषाद एवं योगेश साहू की मौजूदगी में संपन्न हुआ। स्पर्धा में प्रदेश के 26 जिलों और 3 यूनिटों से लगभग 200 खिलाड़ी, कोच व मैनेजर शामिल हुए।

### 18 पदकों के साथ लहराया परचम

श्री अजमानी ने बताया कि राजनांदगांव की जय भवानी व्यायाम शाला के 22 बालक, बालिका और महिला खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए 5 गोल्ड, 4 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल



- राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने जीते 5 गोल्ड, 4 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज सहित कुल 18 पदक
- सीनियर व जूनियर वर्ग में ओवरऑल चैंपियन, सब-जूनियर वर्ग में बनी उपविजेता टीम

जीते। उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राजनांदगांव की महिला टीम ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इसके अलावा सब-जूनियर वर्ग में टीम उपविजेता (रनर-अप) रही। टीम के कोच अशोक श्रीवास एवं झिरझिम मैगी थे।

### खिलाड़ियों का वर्गवार प्रदर्शन

यूथ वर्ग (बालिका)- महजबिन खान (प्रथम), जानवी साहू व योषिता कुलदीप (द्वितीय), खुशी रंगारी व जारा खान (तृतीय), गोदावरी यादव (चतुर्थ)। जूनियर वर्ग - मानसी यादव, भूमि सिंह व रूसना फरहिन (प्रथम), अंशूल सोनवानी (द्वितीय), खुशी रंगारी, महजबिन खान व मुस्कान यादव (तृतीय)। सीनियर वर्ग - सोनाली यदु व मानसी यादव (प्रथम), भूमि सिंह व रूसना फरहिन (द्वितीय), खुशी रंगारी, जानवी साहू व अंशुल सोनवानी (तृतीय)। बालक यूथ वर्ग - रेहान खान (प्रथम), कौशेन नवाज, ऋषिराज देवांगन, वीर सिंह ठाकुर व सौम्य यादव (तृतीय)।

### संघ व खेल प्रेमियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला भारोत्तोलन संघ एवं जय भवानी व्यायाम शाला के संरक्षक डोमन महोबिया, अजय श्रीवास्तव, नीलू शर्मा, अध्यक्ष अमित अजमानी, सचिव शेख वसीम, संघ सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष विवेक रंजन सोनी, बसंत मैगी, उपाध्यक्ष शशांक तिवारी, चोवाराम सोनकर, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, सहसचिव नीरज शुक्ला, नाहीद अख्तर, अंकुश अजमानी, आकाश सोनी, नारायण लोहार सहित वरिष्ठ सदस्य दाऊद खान, अजय कुलदीप, जग्गू ठाकुर, रामा यादव, नितिन शर्मा, रवि गुप्ता, नोमेन्द्र यादव, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, भरत साहू, अरुण गुप्ता, तामेश्वर बंजारे और दिनेश राजपूत ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# ओएफसी केबल बिछाने में नियमों के उल्लंघन का आरोप, आसिफ अली ने कलेक्टर-आयुक्त से की शिकायत



राजनांदगांव (दावा)। नगर के स्टेशन पारा सहित विभिन्न शहरी क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी कर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाए जाने का मामला सामने आया है। मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड द्वारा कराई जा रही खुदाई को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस नेता आसिफ अली ने इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ा एतराज जताते हुए जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से लिखित शिकायत कर कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस नेता आसिफ अली का आरोप है कि दूरसंचार कंपनी को प्रशासन द्वारा एक निश्चित मार्ग और निर्धारित शर्तों के तहत केबल बिछाने की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी की गई थी। लेकिन कंपनी स्वीकृत रूट का पालन न करते हुए शहर के अन्य मनमाने स्थानों पर भी उसी अनुमति का हवाला देकर धड़ल्ले से खुदाई करवा रही है।

अवैध और अनियमित खुदाई के कारण शहर के अंदरूनी रास्तों और मुख्य सड़कों पर जगह-जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। इससे न केवल नगर निगम और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आम नागरिकों व वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश और आवाजाही के दौरान राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतकर्ता आसिफ अली ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से एक निष्पक्ष जांच दल का गठन करे। यह दल जमीनी स्तर पर जाकर स्वीकृत रूट, जारी की गई एनओसी और मौके पर की गई खुदाई का सत्यापन करे। नियमों और शर्तों का उल्लंघन प्रमाणित होने पर संबंधित टेलीकॉम कंपनी और ठेकेदार के खिलाफ नियम अनुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# ब्रम्हा स्वरूप भाटिया का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम बोरतलाव निवासी ब्रम्हा स्वरूप भाटिया (65 वर्ष) का गुरूवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित भाटिया व सुमित भाटिया के पिता थे। उनके निधन पर सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।



# युगांतर के विद्यार्थियों के लिए हुआ एआई सर्टिफिकेशन वर्कशॉप

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एआई सर्टिफिकेशन वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इस प्रभावी वर्कशाप का संचालन एआई विशेषज्ञ तथा विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी लक्षित सेठिया ने किया। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वे आईआईएम एवं आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर चुके हैं तथा वहाँ उन्होंने अब तक 25,000 से अधिक लोगों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कर चुके हैं। उन्होंने आगे वर्कशॉप में विद्यार्थियों को विभिन्न एआई प्लेटफॉर्म एवं टूल्स के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराया। इसके जरिए विद्यार्थियों ने जाना कि एआई की सहायता से पढ़ाई को अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है, बेहतर संवाद कैसे किया जा सकता है, प्रोजेक्ट्स तैयार किए जा सकते हैं तथा रचनात्मक कार्यों को नए तरीके से कैसे पूरा किया जा सकता है। कार्यशाला अत्यंत इंटरैक्टिव एवं रोचक रही। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और एआई के रचनात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग की नई संभावनाओं को समझा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों ने तकनीकी के साथ अच्छी बात सीखने और भविष्य के लिए तैयार होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। यह कार्यशाला विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में वाणिज्य शिक्षिका दीप्ति बिंदल ने आयोजित की, जिसका विद्यार्थियों को अच्छा प्रतिसाद मिला।




# अशोका आईटीआई में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, औजारों व उपकरणों की हुई पूजा-अर्चना

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम तोरनकट्टा स्थित प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान अशोका आई.टी.आई. में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे संस्थान के इलेक्ट्रीशियन वर्कशॉप में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने शिल्प व निर्माण के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके पश्चात वर्कशॉप में उपलब्ध सभी आधुनिक उपकरणों एवं टूल्स की विशेष पूजा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आई.टी.आई. जैसी कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी तकनीकी संस्थाओं में निर्माण और शिल्प के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा की पूजा का विशेष आध्यात्मिक व व्यावहारिक महत्व है।

### समिति पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर गजानन शिक्षा समिति के अध्यक्ष संतोष बोदुन, सचिव कमलनारायण चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर एवं सह-सचिव शैलेष श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए तकनीकी दक्षता और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



### प्रवेश की अंतिम तिथि 19 सितंबर

संस्थान प्रबंधन ने जानकारी दी कि अशोका आई.टी.आई. में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों जैसे इलेक्ट्रीशियन, कोपा और स्टेनोग्राफी में सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 19 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं सीधे महाविद्यालय परिसर में संपर्क कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।









## ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका सविता केवल जाभुलकर पिता-बाबुराव पति-केवल जाभुलकर जाति-महार, निवासी ग्राम-भीमपुर, तह. कोरची, जिला-गडचिरोली (महाराष्ट्र) पिन नं. 441209 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से ग्राम हज्जूटोला प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. चिल्हाटी, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में मेरे नाम के स्थान पर बरूला Barula अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **सविता केवल जाभुलकर** Savita Kewal Jambhlkar अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलियें राजस्व रिकार्ड में बरूला Barula अंकित है। उसे सुधार करवाकर सविता केवल जाभुलकर Savita Kewal Jambhlkar अंकित कराना चाहती हूं। इस ईस्ताहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें ।

**स्थानः-अं.चौकी दिनांकः- 17/09/2026**

**आवेदिका**
**सविता केवल जाभुलकर**
**कास्तकार ग्राम - हज्जूटोला**
**तह. अं. चौकी,जिला-मो.मा.अं. चौकी**

## शुभांक

अनुमानित

बी. के.
2-4-7
447-5 233-8
राजधानी
1-6-7
680-4 345-2

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक देवारू राम पिता-केसुराम जाति-कंवर निवासी ग्राम धानापायली मकान नं. 65 वार्ड नं. 12 तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर योगेश Yogesh अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान योगेश्वर YOGESHWýR अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में योगेश Yogesh अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर योगेश्वर YOGESHWýR अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थानः-अं. चौकी दिनांकः-17/09/2026**

**आवेदिका**
**देवारू राम**
**निवासी ग्राम धानापायली**
**तह. अं. चौकी**
**जिला-मो.मा., अं.चौकी (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजवीर कुटारे जन्म दिनांक 16/6/2004 निवासी मकान नं. 35, वार्ड नं. 5 चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.) अपना नाम राजवीर कुटारे (RAJVEER KUTARE) को परिवर्तित कर राजवीर सिंह मौर्य कर लिया है। अतः आज दिनांक से उसे राजवीर सिंह मौर्य (RAJVEER SINGH MAURYA) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा समस्त शासकीय व गैर शासकीय दस्तावेजों में उसका परिवर्तित नाम दर्ज किया जाने हेतु सूचना प्रकाशित।

स्थान- राजनांदगांव
दिनांक- 17-09-2006

भवदीय
**लवकुमार रामटेके,**
**श्रीमती दीपा रामटेके**
**अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट**
**राजनांदगांव, मो. 9827480450**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

### संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक -18

क्रमांक/1466/ वलेलि/ ग्रायांसेवा /2026-27 — राजनांदगांव, दिनांक 16/09/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत 30.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य। | 40.00 | छटवां बार | 23.09.2026 |

**उपरोक्त निविदा की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य ई-प्रोक्योरमेंट बेवपोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनांक-17.09.2026 से देखा जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 23.09.2026 सायं 5.30 बजे तक है।**

जी- 262703326/3

**कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन को कांग्रेस ने बताया 'बेरोजगारी, महंगाई और वादाखिलाफी दिवस'

### मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल पर उठाए सवाल, पूछे 43 तीखे सवाल

### संयुक्त पत्रकारवार्ता में शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने केंद्र की नीतियों पर साधा निशाना

### छत्तीसगढ़ की जनता से किए चुनावी वादों को लेकर भी मांगा हिसाब




राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को विफलताओं, वादाखिलाफी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता का दौर करार देते हुए तीखा राजनीतिक हमला बोला है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को प्रेस क्लब भवन में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने संबोधित किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक तरफ भाजपा इस दिन को सेवा संकल्प के रूप में मना रही है, वहीं दूसरी ओर देश की आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी से त्रस्त है। इसी कारण कांग्रेस ने इस दिन को 'बेरोजगारी दिवस, महंगाई दिवस, वादाखिलाफी दिवस और किसान धोखा दिवस' के रूप में दर्ज किया है।

### वादे और दावों का मांगा हिसाबः मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सत्ता में आने से पूर्व प्रतिवर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने, महंगाई घटाने, किसानों की आय दोगुनी करने और आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने का भरोसा दिलाया था। 12 वर्षों के बाद आज जनता इन वादों की प्रगति का हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी से कालाधन और आतंकवाद खत्म करने के दावों की जमीनी हकीकत सामने आ चुकी है। वहीं जटिल जीएसटी प्रणाली ने छोटे और मध्यम व्यापारियों की कमर तोड़ दी है।

### छत्तीसगढ़ से किए वादों पर घेराः विपिन यादव

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने 'मोदी की गारंटी' के तहत प्रदेश की जनता से किए गए वादों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया था, जिसकी वास्तविक स्थिति आज तक स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का एकमुश्त भुगतान करने तथा प्रत्येक गांव में नगद भुगतान केंद्र खोलने की घोषणाओं पर भी सरकार ने पूरी तरह अमल नहीं किया।

### जारी किए 43 सवालों के दस्तावेज

पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कामकाज को लेकर 43 सवालों का एक दस्तावेज जारी किया। इनमें मुख्य रूप से रोजगार, महंगाई, कृषि संकट, स्मार्ट सिटी मिशन, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, विदेशों से कालाधन वापसी और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। नेताओं ने दो टूक कहा कि कांग्रेस जनहित से जुड़े इन बुनियादी सवालों को लेकर लगातार मुखर रहेगी।

इस संयुक्त पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से पदम कोठारी, भागवत साहू, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, पंकज बांधव, अशोक फडनवीस, प्रवक्ता अनीस खान, लक्ष्मण साहू और केदार यादव सहित बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतर्विद्यालयीन वाद-विवाद एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिता में गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

राजनांदगांव (दावा)। शहर में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं काव्या पाठ में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार सिटी स्कूल, गायत्री स्कूल, रॉयल किड्स कॉन्वेंट, युगांतर स्कूल, जे.एमजे स्कूल, एवं अन्य विभिन्न स्कूलों के मध्य हुई प्रतियोगिताओं में गुजराती स्कूल की छात्रा सिद्धि सेन एवं शुभम शर्मा ने प्रतिष्ठित स्कूलों को कड़ी टक्कर देते हुए हुए अपना स्थान बनाया। युगांतर पब्लिक स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक विज्ञापनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा देना चाहिए' विषय पर रखा गया था जिसमें शुभम शर्मा एवं सिद्धि सेन ने प्रभावशाली तर्क, आत्मविश्वास और बेहतरीन वक्तृत्व कला का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। गुजराती स्कूल के मेधावी छात्र शुभम शर्मा एवं छाता सिद्धि से ने अपनी वाह पट्टा उत्कृष्ट तर्क शक्ति विषय के प्रति गहनता से समझकर ओज पूर्ण प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ शानदार उपलब्धि प्राप्त की। इतनी कड़ी टक्कर देने वाले दिग्गज शालाओं के सामने दोनों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपनी अलग छाप छोड़ते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर नीर क्षीर विवेकी निर्णायकों के साथ श्रोतागणों का भी मन मोह लिया।



सिद्धि सेन एवं शुभम शर्मा की सफलता का श्रेय गुजराती स्कूल के शिक्षकों के साथ बच्चों की निरंतर कड़ी मेहनत अभ्यास उचित मार्गदर्शन का विशेष योगदान है। विद्यालय की शिक्षिका साइमा खान एवं जशिका ढीमर ने समय-समय पर बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं उनके कुशल मार्गदर्शन का ही नतीजा है कि दोनों बच्चों ने इस प्रतियोगिता में अपनी अमिट छाप छोड़ी। इसी कड़ी में अंतर विद्यालय इन काव्य पाठ प्रतियोगिता में युगांतर स्कूल में लगभग 45 से 50 छात्र गण के बीच में सिद्धि सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर गुजराती स्कूल का नाम रोशन किया इसमें अहम भूमिका प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला की रही जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को काव्य पाठ के लिए तैयार किया उन्हें प्रोत्साहित किया।

सिद्धि एवं शुभम की उपलब्धि पर प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला ने दोनों को बधाई देते हुए आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शाला के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उम्मीद जताई आने वाले समय में गुजराती स्कूल अमित छाप छोड़ते हुए अपनी एक अलग ही पहचान बनाकर ध्रुव तारा सदृश्य चमकेगा। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव एवं संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभम शर्मा एवं सिद्धि सेन को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

# विश्वकर्मा जयंती : टांकाघर में प्रतिमा स्थापना एवं पूजा अर्चना

राजनांदगांव (दावा)। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित पार्षदों एवं अधिकारियो व कर्मचारियो ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी।



जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका, लोककर्म विभाग, डाटा सेन्टर में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने भी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म, जल, विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

# सेवा संकल्प अभियान : पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष किसुन साहू ने प्रज्वलित किए दीप



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शहर के ऐतिहासिक रानीसागर एवं ऊर्जा पार्क परिसर में गरिमामय दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा, कुमरदा मंडल के अध्यक्ष किसुन साहू ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

**रानीसागर एवं ऊर्जा पार्क में आयोजित दीपदान कार्यक्रम में हुए शामिल, प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की**

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष किसुन साहू ने रानीसागर और ऊर्जा पार्क में विधिवत दीप प्रज्वलित कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन और देश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और विकास के पथ पर अग्रसर है। उनके जन्मदिन को समाज सेवा और सकारात्मक संकल्पों के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक दीपदान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# वेटलिफ्टर मेघापाल ने अस्मिता खेलो इंडिया महिला स्पर्धा में प्रथम स्थान

राजनांदगांव (दावा)। 24वीं सब जूनियर/जूनियर छत्तीसगढ़ प्रदेश वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता बालक/बालिका एवं अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टर प्रतियोगिता 2026 कांकेर में मिनी स्टेडियम के भव्य रंगमंच में 11 से 13 सितम्बर तक 3 दिववसीय आयोजित की गई। कांकेर जिला वेटलिफ्टंग संघ आयोजक छ.ग. प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

स्थानीय एक्सपर्ट जिम में अभ्यासरत नवोदित महिला वेटलिफ्टर (निवासी धमतरी) ने भी अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2026 में धमतरी जिले से भाग लेते हुए जूनियर वर्ग में वजन केटेगिरी 77 किग्राम वजन समूह में स्नैच 59 किग्रा. क्लीन एंड जर्क 78 किग्रा. कुल वजन 137 कि.ग्रा. वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। मेघापाल राज्य स्तर की वेटलिफ्टंग स्पर्धा में पहली बार भाग लेते हुए अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की।



मेघापाल अस्मिता महिला वेटलिफ्टर (जूनियर वर्ग) की स्पर्धा में जीता गोल्ड मैडल

उनको मैडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मेघापाल एक्सपर्ट जिम में वेटलिफ्टिंग ट्रेनर एकता बंजारे के मार्गदर्शन में अभ्यासरत है। उक्त सफलता पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षक मनीष गौतम, डॉ. रोहन सोनकर, तामेश्वर बंजारे, शैलेन्द्र सिंह बंधे, उपेन्द्र बंजारे, श्रीमती अंजू बंजारे, संदीप सोनी ने बधाई शुभकामना प्रेषित की। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम के सचिव संदीप सोनी ने दी।

# आर.के.नगर पानी टंकी से कल शाम नहीं होगी पेयजल सप्लाई

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सभी पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। इसी कड़ी में आर.के.नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण आर.के.नगर उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा।

इस वजह से उक्त टंकी से दिनांक 19 सितम्बर 2026 दिन शनिवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 20 सितम्बर रविवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है, ताकि नागरिकों को बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसी कडी में दिनांक 19 सितम्बर शनिवार को आर.के.नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) की सफाई की जानी है। टंकी सफाई करने के कारण आर.के.नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र आर.के. नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्री कालोनी, जलतरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी,बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आशीर्वाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मीनगर, जीवन ए-कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर क्षेत्र में 19 सितम्बर शनिवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 20 सितम्बर रविवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है। पूर्व में उक्त टंकी की सफाई 28 जनवरी 2026 को की गयी थी, अब पुनः आज सफाई कराई जा रही है।

# 'आशीर्वाद का दीया' बना ऊर्जा जागरूकता का संकल्प, सोलर से लेकर बिजली बिल राहत तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगा सीएसपीडीसीएल

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करने तथा बिजली उपभोक्ताओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सीएसपीडीसीएल के राजनांदगांव क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन परिसर में 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया गया।



राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री हर्ष कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दीप प्रज्वलित कर स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण, उपभोक्ता जागरूकता और जनभागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान तथा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की जानकारी भी अधिकाधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्री मेश्राम कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऊर्जा के बेहतर उपयोग, स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा उपभोक्ताओं को उनके लिए संचालित योजनाओं से जोड़ने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के समाधान के लिए राहत एवं सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया कि इन सभी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र उपभोक्ता समय पर पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। सीएसपीडीसीएल के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर 'सेवा सेतु शिविर' आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में घरेलू उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान तथा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना सहित उपभोक्ता हित से जुड़ी योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक शिविर में कम से कम 100 पात्र घरेलू उपभोक्ताओं का पंजीयन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को विशेष रूप से चिन्हित कर 2 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को यह भी बताया जाएगा कि वे अपनी पात्रता के अनुसार उपलब्ध योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को निर्धारित शर्तों के अनुसार बिजली बिल में राहत का प्रावधान है। वहीं मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के समाधान के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार राहत दी जा रही है। सेवा सेतु शिविरों में बैंक प्रतिनिधियों एवं पंजीकृत सोलर विक्रेताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को सौर संयंत्र स्थापना, पंजीयन, वित्तीय सुविधा तथा योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की सहित राजनांदगांव क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित कर स्वच्छ ऊर्जा, हरित भविष्य, ऊर्जा संरक्षण और जागरूक उपभोक्ता का संदेश दिया। सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र ने घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर अपनाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान एवं मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 के तहत अपनी पात्रता की जानकारी प्राप्त करें और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सूचना संख्या | अनुमानित निविदा मूल्य (₹) | बोली सुरक्षा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "(1) गोंदिया में अप्रोच रोड को बेहतर बनाना और कम्युनिटी हॉल में कमरों की व्यवस्था करना। (2) ADEN/डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र में आधुनिक S&T उपकरणों के लिए डोंगरगढ़ (DGG) में S&T विभाग के SSEs के लिए ऑफिस–सह–स्टोर की सुविधा उपलब्ध कराना।" | E/21/NAG/2026-2027 | 1,74,22,067.14 | 3,48,500/- |
| 2. | "(1) ADEN/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में आने वाले लेवल क्रॉसिंग की खराब सड़क सतह को ठीक करके उनमें सुधार करना। (2) ADEN/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले लेवल क्रॉसिंग की खराब सड़क सतह को ठीक करके उनमें सुधार करना।" | E/22/NAG/2026-2027 | 2,06,67,494.25 | 4,13,400/- |
| 3. | "ADEN/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में PQRS डिपो गोंदिया के पास इंजीनियरिंग सामान रखने के लिए इंजीनियरिंग स्टोर डिपो का निर्माण।" | E/23/NAG/2026-2027 | 15,00,66,338.93 | 30,01,300/- |

बोलीदाता केवल दिनांक **30.09.2026 को 15.00 बजे तक** अपनी मूल/संशोधित बोलियां प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा इस प्रकार प्राप्त किसी भी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

PAM/47/121

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व)/द.पू.म. रेलवे/नागपुर

South East Central Railway @secrail


# दिया जलाने से नहीं, जनहित के कामों से मिलेगी राहत - अशोक फडनवीस

### महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

### कहा- उत्सव और प्रचार के बजाय रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान दे सरकार

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नगर निगम के पूर्व चेयरमैन अशोक फडनवीस ने सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब केवल उत्सव और प्रचार नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई और आर्थिक राहत के ठोस परिणाम चाहती है। जनता के सामने आज कई मूलभूत समस्याएं हैं, जिनका जवाब सरकार को देना चाहिए।



श्री फडनवीस ने कहा कि एक समय प्रधानमंत्री की अपील पर देशभर में लोगों ने ताली-थाली बजाई और दीपक जलाए थे। आज भी राजनीतिक उपलब्धियों और जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया जा रहा है। जन्मदिन मनाना गलत नहीं है, लेकिन यदि इन आयोजनों में सरकारी धन खर्च हो रहा है, तो उसके खर्च और स्रोत की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। यही राशि शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबों की सुविधाओं पर खर्च की जा सकती है।

### सरकारी स्कूलों की संख्या में कमी पर उठाए सवाल

श्री फडनवीस ने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच देश में सरकारी स्कूलों की संख्या घटी है। कम नामांकन या युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करने के बजाय सरकार स्पष्ट करे कि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता और अधोसंरचना को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

### महंगाई, रोजगार और छोटे व्यापारियों की समस्याएं

उन्होंने कहा कि आम परिवार घरेलू बजट संतुलित करने से जूझ रहा है। युवाओं के लिए नियमित सरकारी भर्तियों और रोजगार के अवसर सीमित हैं। वहीं पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई कर पारदर्शिता लानी जरूरी है ताकि युवाओं का भरोसा बना रहे। उन्होंने छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के लिए कर व अनुपालन संबंधी नियमों को सरल बनाने की मांग की।

### डिजिटल भुगतान और नीतिगत विषयों पर स्पष्टता जरूरी

श्री फडनवीस ने डिजिटल भुगतान (UPI) से जुड़े शुल्कों और टैक्स को लेकर स्थिति स्पष्ट करने, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रभाव और एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के आर्थिक व उपभोक्ता असर की जानकारी जनता के सामने रखने की बात कही। उन्होंने अंत में व्यंग्य करते हुए कहा कि जनता से ताली-थाली बजवाने और दिया जलवाने के दिन अब लद गए। जनता अब ठोस सवाल पूछ रही है कि रोजगार कहां है और महंगाई से राहत कब मिलेगी। उत्सव मनाने के बजाय जनता के जीवन में खुशहाली लाना ही सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### नागपुर मंडल में 7 PI स्टेशनों में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था हेतु ई-निविदा

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** 06A-NGP-PROJ-ST-2026-27

**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में 7 PI स्टेशनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था।

**निविदा मूल्य:** ₹ 103,75,77,130/-,

**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 2,07,51,600/-,

**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **03.10.2026** के **12:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

D360S/30-126

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल 'दावा'

> **कर्म का कोई तय मेनू नहीं होता, आप दूसरों को जो परोसेंगे, वही आपको वापस मिलेगा।**

# एक स्वास्थ्य, एक भविष्य : स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद



**प्रतापराव जाधव**



दुनिया अब सेहतमंद होने के मायने पर नए सिरे से सोच रही है। आज स्वास्थ्य-देखभाल का मतलब सिर्फ़ बीमारी का इलाज करना नहीं है; बल्कि इसका मकसद बीमारियों को रोकना, तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना और ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है, जो बदलती जीवनशैली, पर्यावरण के दबाव और नई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर सके। इस बदलते परिदृश्य में, आयुर्वेद भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टि की पेशकश करता है।

11वें आयुर्वेद दिवस की थीम, ÷स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद÷ और ÷एक स्वास्थ्य, एक भविष्य÷ का विज़न इस विचार को बहुत खूबसूरती से पेश करता है। यह हमें याद दिलाता है कि मानव स्वास्थ्य का कोई अलग-थलग अस्तित्व नहीं होता। लोगों, समुदायों, पशुओं और पर्यावरण का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े होते हैं।

आयुर्वेद ने हमेशा बीमारी से बचाव, संतुलित जीवन, सही खान-पान, दैनिक दिनचर्या और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने पर बहुत ज़ोर दिया है। ऐसे समय में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, उपापचय विकार, तनाव और दूसरी गैर-संक्रामक बीमारियाँ समाज पर बोझ बढ़ा रही हैं, ये सिद्धांत और भी ज़्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

लेकिन आयुर्वेद को आगे ले जाने का मतलब सिर्फ़ पीछे मुड़कर देखना नहीं हो सकता। इसके भविष्य को शोध, साक्ष्यों, नवाचार और गुणवता के जरिए आकार दिया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है कि आयुर्वेद से जुड़े ज्ञान का अध्ययन आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से हो और उसे ऐसे समाधानों में बदला जाए, जो आज की स्वास्थ्य ज़रूरतों को पूरा करते हों।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने इस यात्रा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 2014 में आयुष मंत्रालय की स्थापना; आयुर्वेद और अन्य आयुष प्रणालियों को एक मज़बूत संस्थागत आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तब से, इसका दायरा संरक्षण और प्रचार-प्रसार से बढ़कर शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल सुविधा, गुणवत्ता आश्वासन, नवाचार और वैश्विक सहयोग तक विस्तृत हो गया है।

स्वास्थ्य देखभाल को असल में मरीज़ की ज़रूरतों पर केंद्रित होना चाहिए। जहां उपचार उपयुक्त और साक्ष्य समर्थित हो, वहाँ विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियाँ एक-दूसरे की पूरक बन सकती हैं और स्वास्थ्य के प्रति व्यापक दृष्टिकोण में योगदान दे सकती हैं। जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में आयुष सेवाओं का एकीकरण और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार, रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य सेवा को ज़्यादा सुलभ बनाने के हमारे संकल्प को प्रतिबिंबित करते हैं।

भारत आयुर्वेद को दुनिया तक भी पहुँचा रहा है। आयुर्वेद दिवस के पिछले आयोजनों ने दिखाया है कि स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति भारत के नज़रिए को दुनिया भर में कैसा समर्थन मिल सकता है। आयुर्वेद दिवस ने भारत की स्वास्थ्य परंपराओं के लिए एक वैश्विक अवसर का निर्माण किया है और आयुर्वेद तेज़ी से कल्याण, रोकथाम और सतत स्वास्थ्य सेवा पर होने वाली अंतरराष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा बन रहा है। इस बढ़ती वैश्विक रुचि के साथ एक उतनी ही महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी भी आती है। आयुर्वेद को विश्वसनीय शोध, नैदानिक सबूतों, मजबूत गुणवत्ता मानकों और ज़िम्मेदार संचार का समर्थन मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, आयुष शैक्षिक विभाग, नैदानिक शोध और विनियामक तालमेल की दिशा में किए जा रहे प्रयास भारत से बाहर आयुर्वेद के लिए एक मज़बूत इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ़ इसकी वैश्विक पहुँच का विस्तार करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि इस विकास के साथ भरोसा और वैज्ञानिक विश्वसनीयता भी जुड़ी हो।

एक स्वास्थ्य, एक भविष्य÷ का विज़न हमें अस्पतालों और दवाओं से आगे ले जाता है। एक स्वस्थ भविष्य हमारे पर्यावरण, हमारे खान-पान और उन प्राकृतिक संसाधनों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, जिन पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए, औषधीय पौधे स्वास्थ्य सेवा को कृषि, आजीविका और जैव विविधता से जोड़ते हैं। उनकी स्थायी खेती से किसानों के लिए आर्थिक अवसर पैदा हो सकते हैं और साथ ही कीमती प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी योगदान मिल सकता है।

प्रौद्योगिकी भी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है। आज भारत के पास अपने व्यापक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शोध क्षमताओं, डिजिटल तकनीक, डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते उपायों के साथ जोड़ने का मौका है। यह संयोजन शोधकर्ताओं को पारंपरिक तरीकों का ज़्यादा सटीकता से अध्ययन करने और नवाचार के नए अवसरों को सामने लाने में मदद कर सकता है।

फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लोगों के जीवन में आना चाहिए।

आयुर्वेद दिवस को केवल साल में एक बार मनाया जाने वाला आयोजन बनकर नहीं रहना चाहिए। इसे हमारे घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में स्वस्थ जीवन शैली आधारित एक व्यापक अभियान को बढ़ावा देना चाहिए। हम क्या खाते हैं, हम कितने सक्रिय रहते हैं, हम तनाव का प्रबंधन कैसे करते हैं और हम अपने पर्यावरण के साथ कितनी ज़िम्मेदारी से व्यवहार करते हैं, ये सभी हमारे समाज के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

इस यात्रा में युवा पीढ़ी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेद को सिर्फ़ भारत की विरासत के तौर पर ही नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, उद्यमिता और स्वास्थ्य सेवा के ऐसे क्षेत्र के तौर पर पेश किया जाना चाहिए, जो भविष्य की चुनौतियों को हल करने में योगदान दे सकता हो।

आज भारत ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एक अनोखे संगम पर खड़ा है। हमारे पास इन ताकतों को एक साथ लाने का अवसर है, ताकि स्वास्थ्य सेवा का ऐसा तरीका विकसित किया जा सके, जो इलाज के साथ-साथ बीमारी से बचाव, बीमारी के प्रबंधन के साथ-साथ आरोग्यता और विकास के साथ-साथ स्थायित्व को भी महत्व देता हो।

आयुर्वेद का भविष्य अंततः इस बात से निर्धारित होगा कि हम इस पर कितना अच्छा शोध करते हैं, सबूतों के आधार पर इसे कितना मजबूत बनाते हैं, इसकी गुणवता को कैसे सुनिश्चित करते हैं और इसके फायदों को लोगों तक कैसे पहुँचाते हैं।

इसलिए, 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' सिर्फ़ एक थीम नहीं है। यह सेहत की संस्कृति बनाने का एक आह्वान है – ऐसी संस्कृति, जो लोगों को सशक्त बनाती हो, समुदायों को मजबूत करती हो और उस पर्यावरण का सम्मान करती हो, जिसे हम सभी साझा करते हैं।

जब हम 11वाँ आयुर्वेद दिवस मना रहे हैं, तो आइए एक स्वास्थ्य, एक भविष्य के विज़न को आगे बढ़ाएँ और एक स्वस्थ भारत और स्वस्थ दुनिया की दिशा में मिलकर काम करें।

एक स्वास्थ्य, एक भविष्य। सभी के लिए सेहतमंद भविष्य।

**(लेखक केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं)**

# लव जिहाद : धर्म के लिए प्यार

शुरू में इसे हिंदुत्व का एक डर बताकर खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब यह हिंदुओं और पार्टियों से ऊपर उठकर एक बड़ा मुद्दा बन गया है। कुछ लोग लव जिहाद के अस्तित्व पर ही सवाल उठाते हैं। लेकिन अगर लव जिहाद का अस्तित्व है, तो यह एक तरफ इंसान की सबसे ताकतवर व्यक्तिगत भावना - प्यार - और दूसरी तरफ उतनी ही ताकतवर सामूहिक भावना - धर्म - को मिलाता है। इस खतरनाक मिश्रण के नतीजे, जो परिवारों को तोड़ते हैं और समुदायों में बंटवारा करते हैं, जानलेवा और विस्फोटक हो सकते हैं। क्या हाई-रिस्क वाला लव जिहाद मौजूद है, और अगर है, तो यह मुस्लिम पुरुषों और गैर-मुस्लिम महिलाओं के बीच होने वाली सामान्य लव मैरिज से कितना अलग है - ये बातें धर्मनिरपेक्ष भारत के लिए बहुत अहम हैं।

लव मैरिज एक पुरुष और महिला के एक-दूसरे से प्यार करने पर आधारित होती है। इसके आलोचकों का कहना है कि लव जिहाद मुस्लिम पुरुषों द्वारा गैर-मुस्लिम महिलाओं से उनके धर्म के कारण प्यार करने पर आधारित है। उनका कहना है कि लव जिहाद लव मैरिज नहीं है, क्योंकि इसमें धर्म के प्रति वफादारी ही मुख्य विचार होता है, अगर यह कहें कि यह इसका केंद्र है तो भी गलत नहीं होगा। एक आम लव मैरिज किसी भी पुरुष और महिला के बीच हो सकती है, चाहे वे एक ही धर्म के हों या अलग-अलग धर्मों के। लेकिन इस्लामिक लव जिहाद सिर्फ मुस्लिम पुरुषों और गैर-मुस्लिम महिलाओं के बीच होता है।

नतीजा : यह मुसलमानों और दूसरों जिनमें ईसाई और बौद्ध भी शामिल हैं - के बीच एक मुद्दा बन गया है। कुछ लोग कहते हैं कि लव जिहाद इस्लाम-विरोधी सोच (इस्लामोफोबिया) का नतीजा है। लेकिन इससे प्रभावित धार्मिक लोग जोर देकर कहते हैं कि ऐसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मुस्लिम पुरुषों और गैर-मुस्लिम महिलाओं के बीच लव मैरिज के 94 मामलों की जांच की और 23 मामलों में लव जिहाद होने का शक जताया। अब लव जिहाद के मुद्दे को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। लेकिन लव जिहाद क्या है? प्यार को आसानी से समझा जा सकता है। लेकिन प्यार से जुड़ा जिहाद समझना मुश्किल है, क्योंकि इसका संबंध इस्लामिक युद्ध से है। सच तो यह है कि जिहाद में युद्ध शामिल है, लेकिन यह सिर्फ युद्ध तक ही सीमित नहीं है। जिहाद का मतलब है इस्लाम को बढ़ावा देने की कोई भी कोशिश। क्या प्यार (शादी) इस्लाम को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकता है? निष्पक्ष और इस्लामिक, दोनों तरह के स्त्रोतों का कहना है कि हाँ, ऐसा हो सकता है और होता भी है।

इस्लामिक अध्ययनों समेत कई रिसर्च से पता चलता है कि इस्लाम के विस्तार में लव मैरिज ने अहम भूमिका निभाई है और अब भी निभा रही है। डेमोग्राफिक इस्लामाइजेशन- नॉन-मुस्लिम इन मुस्लिम कंट्रीज़ (जनसांख्यिकीय इस्लामीकरण- मुस्लिम देशों में गैर-मुस्लिम) नाम के एक पेपर में फिलिप फार्गस बताते हैं कि कैसे मुस्लिम देश प्यार और शादी के ज़रिए इस्लामीकरण की प्रक्रिया से गुज़रे हैं। फार्गस निष्कर्ष निकालते हैं- इस्लामीकरण की जारी प्रक्रिया में प्यार अब वही भूमिका निभा रहा है जो बहुत पहले ज़बरदस्ती निभाती थी। (जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के पॉल एच. नित्ज़ स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज़ ।

हाउ इस्लाम स्प्रेड थ्रू आउट द वर्ल्ड (दुनिया भर में इस्लाम कैसे फैला) नाम के अपने अहम पेपर में, हसाम मुनीर इस विचार का खंडन करते हैं कि इस्लाम केवल तलवार के ज़ोर पर फैला। मुनीर का पेपर यकीन इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ है, जिसका मकसद और एजेंडा इस्लाम के प्रति नफ़रत (इस्लामोफोबिया) और समुदाय पर इसके नकारात्मक असर का मुकाबला करना है। मुनीर का कहना है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, अलग-अलग धर्मों के बीच शादी (इंटर-रिलीजियस मैरिज) उन चार तरीकों में से एक थी जिनसे इस्लाम फैला। मुनीर लिखते हैं : कई संदर्भों में इस्लाम के प्रसार के लिए मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच शादी ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रही है। यह शोध का एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर हाल ही में ध्यान दिया जाने लगा है, क्योंकि इस प्रक्रिया के ज़रिए इस्लाम अपनाने वालों में ज़्यादातर महिलाएं थीं।

मुनीर उन देशों की सूची देते हैं जहाँ प्यार के ज़रिए इस्लाम फैला। स्पेन में शुरुआती मुस्लिम समुदाय को स्थापित करने में अलग-अलग धर्मों के बीच शादी के ज़रिए धर्म परिवर्तन महत्वपूर्ण था; शुरुआती आधुनिक ऑटोमन साम्राज्य में भी धर्म परिवर्तन के साथ ऐसी शादियों के कई उदाहरण मिलते हैं; मुनीर लिखते हैं कि ब्रिटिश शासन वाले भारत में, मुसलमानों के साथ शादी के हिस्से के तौर पर कई दलित महिलाओं ने इस्लाम अपनाया। वे आगे कहते हैं कि हाल के समय में भी इस्लाम अपनाने में अलग-अलग धर्मों के बीच शादी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसके उदाहरण भी देते हैं। फिलिप फार्गस के इस विचार की मुनीर पुष्टि करते हैं कि आज के समय में इस्लाम के प्रसार में ज़बरदस्ती की जगह प्यार ने ले ली है। फार्गस की बात से सहमत होते हुए, मुनीर ऐतिहासिक प्रमाण देते हैं कि कैसे शादी न केवल व्यक्तियों बल्कि देशों के इस्लाम अपनाने का आधार बनी।

# एआई क्षेत्र में नई उड़ान भरने को तैयार छत्तीसगढ़

## 500 करोड़ के मुख्यमंत्री एआई मिशन से संवरेगा युवाओं और तकनीक का भविष्य

**धनंजय राठौर**




रायपुर। दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में छत्तीसगढ़ भी अब एक नई छलांग लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार एआई को विकास, रोजगार और सुशासन के नए अवसरों से जोड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। खेती-किसानी से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासन तक हर क्षेत्र में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य में बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जनसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रभावी उपयोग से रोजगार और नवाचार के नए अवसर सृजित करते हुए हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।

### 500 करोड़ रुपये का मुख्यमंत्री एआई मिशन

भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 500 करोड़ रुपये के मुख्यमंत्री एआई मिशन की शुरुआत की है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ को केवल एआई तकनीक अपनाने वाला राज्य नहीं, बल्कि इसके उपयोग और नवाचार में सिरमौर बनाना है। इस मिशन के तहत प्रदेश में 100 एआई लैब और 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे।

योजना के अंतर्गत लगभग 6 लाख विद्यार्थियों और डेढ़ लाख शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को एआई के उपयोग से जोड़ा जाएगा। साथ ही, शासन की 50 से अधिक सेवाओं को एआई के जरिए अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। युवाओं को जॉब सीकर (नौकरी तलाशने वाला) की बजाय जॉब क्रिएटर (नौकरी पैदा करने वाला) बनाने के लिए मशीन लर्निंग और डेटा साइंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### कृषि, स्वास्थ्य और प्रशासन में एआई का प्रयोग

इस मिशन का दायरा केवल आईटी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर आम जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए उतारा जा रहा है। कृषि मौसम, फसल, कीट और रोगों के आंकड़ों के विश्लेषण से किसानों को समय पर सटीक सलाह मिल सकेगी। एआई आधारित तकनीक से जांच, रोग पहचान और स्वास्थ्य संसाधनों के प्रबंधन में सुधार होगा।

### सुशासन एवं उद्योग

सरकारी पोर्टलों (जैसे सेवा सेतु) के विस्तार और एआई के उपयोग से योजनाओं की मॉनिटरिंग और नागरिक सेवाओं को सुगम बनाया जा रहा है। वहीं उद्योगों में उत्पादकता और ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी। कारखानों में रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग के उपयोग से उत्पादन की गति बढ़ती है और त्रुटियाँ कम होती हैं।AI सेंसर मशीनों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हैं और खराबी आने से पहले ही चेतावनी दे देते हैं, जिससे लागत बचती है। उद्योगों में व्यक्तिगत प्राथमिकताओं को समझने और 2437 सहायता प्रदान करने के लिए AI संचालित टूल का उपयोग किया जाता है।

### नवा रायपुर बन रहा तकनीक और एआई का नया हब

नवा रायपुर को आईटी, एआई और डाटा सेंटर के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ लगभग 1 हजार करोड़ रुपये के निवेश से एआई आधारित डाटा सेंटर और एआई एसईजेड विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, नवा रायपुर में करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना का निर्णय लिया गया है। एनआईटी रायपुर और ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से खनन, इस्पात, स्वास्थ्य, कृषि और स्मार्ट गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान और स्टार्टअप को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए उच्च तकनीक आधारित रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं।

### नवा रायपुर में देश का पहला एआइ आधारित डेटा सेंटर

नवा रायपुर अटल नगर में देश का पहला एआइ आधारित डेटा सेंटर सेक्टर-22 में 13.5 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश की पहचान को नई ऊंचाई देगा, बल्कि आम जनता के लिए भी बड़े बदलाव लेकर आएगा। प्रदेश के युवाओं को बेहतर करियर के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही एआइ तकनीक का फायदा किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भी मिलेगा। डिजिटल सेवाएं मजबूत होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

**सयुक्त संचालक, जनसंपर्क**

## सामायिक चर्चा

### विवाद प्रिय बृजभूषण शरण सिंह

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज एक भारी भरकम खबर -
भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष
और भाजपा के पूर्व सांसद
बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें
एक बार फिर बढ़ गई है। हमारी आंख इस खबर को
एक नहीं, दो बार पढ़ गई हैं।
योग गुरू बाबा रामदेव की कम्पनी
पतंजलि फुड्स लिमिटेड ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ
पचास करोड़ रूपए का भारी भरकम
मानहानि का मुकदमा दायर किया है।
यह कानूनी विवाद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा
सार्वजनिक मंचों से पतंजलि के देशी घी की
गुणवत्ता पर सवाल उठाने और उसे कथित तौर पर
'नकली' करार देने के बाद उपजा है।
गजाधर! बृजभूषण के ऐसे कथन पर
आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
बृजभूषण शरण सिंह 'विवाद प्रिय' आदमी है।
एक बार वे पहलवान महिला के
यौन शोषण प्रकरण में फॅस चुके हैं।
फिर भी वे सजग-सचेत नहीं हुए।
इसलिए बानी! मेरा मन तो यही कहता है
बृजभूषण शरण सिंह को
विवाद में रहना अच्छा लगता है।
(गुरूवार 17 सितंबर 2026)



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### तालों का महत्व

अतीत में ताले और चाबी का कोई विशेष महत्व नहीं था। घरों में ताला-चाबी होना भी आवश्यक नहीं समझा जाता था। घरों की बनावट ही ऐसी होती थी कि एक ताले से पूरा घर बंद नहीं हो पाता था। इसलिए कि घर केवल दीवारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, अपनत्व और सद्भावना से सुरक्षित होते थे।

समय गुजरता गया। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बदलती गई। परिवार में आधुनिकता का समावेश हुआ और धीरे-धीरे संस्कार, सद्भावना, सहनशीलता और उदारता कम होती गई। प्रेम के आदर्श का मापदंड भी बदल गया और जीवन-शैली ने नया रूप ले लिया।

पुराने मोहल्लों में ''राम बाड़ा'', ''लाला बाड़ा'', 'बनिया बाड़ा', 'सोनी बाड़ा' जैसे नाम हुआ करते थे। ये नाम केवल किसी स्थान की पहचान नहीं थे, बल्कि अपने विशाल बाड़ों और उनमें रहने वाले परिवारों की संख्या की कहानी भी कहते थे। एक ही बाड़े में कई परिवार रहते थे। आना-जाना सहज था, सुख-दुःख साझा थे और रिश्तों में औपचारिकता कम थी।

आधुनिक परिवेश में वे बाड़े टूट गए। साथ रहने वालों का साथ छूट गया। समय ने उन विशाल बाड़ों को पीछे छोड़ दिया और उनके स्थान पर छोटे-छोटे मकान खड़े हो गए। कहीं पुराने बाड़ों के खंडहर रह गए तो कहीं उन खंडहरों को बड़े-बड़े पेड़ों ने अपना सहारा बना लिया।

उसी खंडहर के पास अब ' विला' नाम का एक छोटा-सा प्यारा मकान है, जहाँ चाबी और तालों का महत्व बहुत बढ़ गया है।

एक समय था, जब उस खंडहर में कभी ताला नहीं लगता था। आज उसी स्थान के पास बने 'विला' में हर रोज ताले लगते हैं।


एक जाता है, दूसरा आता है। जीवन चलता रहता है। फर्क केवल इतना है कि पुराने बाड़े में ताले की अहमियत नहीं थी, वहाँ सद्भावना थी, प्रेम था, संस्कार थे, सहनशीलता थी और उदारता थी। वहाँ घर की सुरक्षा दीवारों और तालों से अधिक लोगों के विश्वास से होती थी।

आज आधुनिकता के साथ ''मैं'' और ''मेरा'' भी हमारे जीवन में अधिक गहराई से प्रवेश कर गए हैं। अपनी वस्तुओं, अपने घर और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए तरह-तरह के तालों की आवश्यकता महसूस होने लगी है। इसलिए समय के साथ तालों की संख्या बढ़ती गई और विश्वास की जगह घटती गई। तालों का महत्व वास्तव में बढ़ा है या फिर हमारे बीच के विश्वास का महत्व कम हुआ है,यह प्रश्न विचार करने योग्य है।




''गजेन्द्र बख्शी''
अधिवक्ता, राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**

मेष राशि वालों आज गुरु की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। साथ ही आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आप कारोबार में कुछ परिवर्तन करने की कोशिश करेंगे, जिसका आपको बड़ा लाभ मिलेगा। आज किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास व्यक्तियों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा लाभ लेना चाहिए।



**वृष राशि**

वृष राशि वालों आज माता-पिता की मदद मिलने से आपका काम पूरा होगा। आज आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही आज उधार के लेन-देन से आपको जरूर बचना चाहिए। आज किसी जरूरी काम में सफल होने से आपकी प्रशंसा दूर-दूर तक होगी। आज आपको नकारात्मक विचारों और नकारात्मक व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।




**मिथुन**

मिथुन राशि वालों, आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबको बहुत पसंद आएगी और आपको बड़े स्तर पर काम करने को मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी, आपको सुख-सुविधाओं का लाभ मिलेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे। आज आपको कंपनी के किसी काम से दूसरे शहर जाना पड़ सकता है।



**कर्क**

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा, बच्चे भी खेल-कूद में मस्त रहेंगे। आज व्यापार के क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना फायदेमंद रहेगा। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग खुश होंगे।



**सिंह**

सिंह राशि वालों आज संतान सुख की प्राप्ति होने का योग बना हुआ है। आज सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे और मन-मुताबिक काम पूरे होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको अधिकारी वर्ग से बातचीत करते समय सावधानी रखनी चाहिए, जिससे आपका काम जल्दी से निपट जाए। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक पर जाने की योजना बनाएंगे।



**कन्या**

कन्या राशि वालों आज कहीं रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे और परिवार का सहयोग बना रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में आप आगे रहेंगे और असहाय व्यक्तियों की मदद करेंगे, जिससे उनका जीवन सहज हो जाएगा। आज व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ की प्राप्ति होगी। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा आज सफल होगी।



**तुला**

तुला राशि वालों आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से होगी। इस मुलाकात से आपका मन बहुत ही प्रसन्न होगा। आज कोई बड़ा फैसला लेने में आप सफल रहेंगे। साथ ही आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ बात करने से छोटी-छोटी गलतफहमियां दूर होंगी और आपसी मधुरता बनी रहेगी।




**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि वालों आज आप अपने भविष्य के बारे में सोच-विचार करेंगे। आज परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज कार्यस्थल पर कलीग का सहयोग मिलने से आपका कार्य समय से पूरा हो जाएगा। साथ ही आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा, आप रोज की अपेक्षा दोगुना काम करेंगे।



**धनु**

धनु राशि वालों आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपको अपने काम पर फोकस करना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा आउटपुट निकल सके। आज किसी रिश्तेदार से आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज कोर्ट-कचहरी के मामले में कुछ जरूरी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। आज स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा।



**मकर**

मकर राशि वालों आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। आज बच्चों के किसी फैसले को लेकर आप असहमत होंगे, लेकिन उन्हें प्यार से समझाने का प्रयास करें। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे परीक्षा में बेहतर परफॉर्म कर सकें। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों में किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि वालों आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। आज आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा, जिससे आपका काम सही समय पर पूरा हो जाएगा। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज बच्चों से संबंधित आपको सुखद समाचार मिलेगा।



**मीन**

मीन राशि वालों आज आप किसी काम की प्लानिंग करेंगे। आज परिवार के साथ आप खुशनुमा पल बिताएंगे। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग बेहद प्रभावित होंगे। साथ ही किसी खास मामले में आपको अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी। आज आपके आर्थिक पक्ष में मजबूती आएगी, जिससे आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

# जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के गणेश पंडालों का किया निरीक्षण

खैरागढ़ (दावा)। आगामी गणेश विसर्जन एवं गणेशोत्सव के दौरान शहर में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खैरागढ़ शहर में स्थापित विभिन्न गणेश पंडालों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टंकेश्वर साहू, पुलिस विभाग के डीएसपी कुशवाहा सर एवं चंद्रा सर सहित अनुविभागीय अधिकारी आशारानी, टी आई अनिल शर्मा, एस आई कमलेश बनाफर सहित थाना खैरागढ़ पुलिस की टीम उपस्थित रही।

संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं एवं पंडालों का भ्रमण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, आने-जाने के मार्ग, श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आयोजन समितियों से चर्चा कर गणेशोत्सव के दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए।



0 जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
0 आयोजन समितियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### आयोजन समितियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश

निरीक्षण के दौरान गणेश पंडाल समितियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि पंडाल परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी पहले से सुनिश्चित की जाए। पंडालों में विद्युत तारों एवं कनेक्शनों की सुरक्षित व्यवस्था रखने, ज्वलनशील सामग्री को सुरक्षित रखने तथा आगजनी की स्थिति में बचाव के आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए आयोजन समितियों को आवश्यक सहयोग करने तथा निर्धारित मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न नहीं करने की हिदायत दी गई।

### आगामी गणेश विसर्जन को लेकर विशेष सावधानी

आगामी गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजन समितियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। विसर्जन जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने, निर्धारित मार्ग का पालन करने, भीड़ को नियंत्रित रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना देने के लिए कहा गया। विसर्जन के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जलस्त्रोतों के आसपास सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था एवं दिशा-निर्देशों का पालन करने के संबंध में भी आयोजन समितियों एवं उपस्थित नागरिकों को अवगत कराया गया।

### पुलिस एवं प्रशासन की पैदल गश्त

निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर में पैदल गश्त भी की गई। अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं गणेश पंडालों के आसपास की स्थिति का जायजा लिया तथा आम नागरिकों से संवाद कर गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न पंडालों में पहुंचकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई और उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि धार्मिक आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

### प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त अपील

जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा गणेशोत्सव में शामिल सभी आयोजन समितियों, श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की गई कि वे पर्व को शांति, सौहार्द, अनुशासन एवं भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद, हुड़दंग अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अधिकारियों ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन एवं पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान आयोजन समितियों को यह भी निर्देशित किया कि गणेशोत्सव एवं विसर्जन कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखें, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

## पहला कॉलम...

### भर्रीटोला में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**खुज्जी विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल**



छुरिया (दावा)। ग्राम भर्रीटोला (ब) में राजमिस्त्री संघ सड़क चिरचारी एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक भोलाराम साहू ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर उपस्थित राजमिस्त्री संघ के सदस्यों एवं ग्रामवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, शिल्प और कर्म के प्रतीक हैं। राजमिस्त्री एवं निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक अपने हुनर, परिश्रम और कौशल के माध्यम से समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। समारोह में जनपद सदस्य चुम्मन साहू, ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी के सरपंच गुलचरण कतलाम, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कुमर्दा प्रताप धावड़े, जिला कांग्रेस महामंत्री राजू सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के कोषाध्यक्ष कमलेश यादव, सचिव रेवाराम लाडेकर, मोनू खान, ग्राम प्रमुख भर्रीटोला (ब) अगनू राम चंद्रवंशी, ग्राम पटेल खेमराज चंद्रवंशी, भगवान सिंह चंद्रवंशी, जीवन लाल जुड़ावन, पराऊ राम निषाद, डेलसिंग, गोविंद राम, तुला राम चंद्रवंशी, नंदलाल वर्मा, गोविंद राम कंवर, मन्नूलाल सिंन्द्राम, नंदूराम शोरी, जंगलूराम एवं सीताराम धावड़े सहित राजमिस्त्री संघ के पदाधिकारी-सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनसहयोग से शासकीय प्राथमिक शाला सीताकसा में बच्चों को मिला सहयोग



छुरिया (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सीताकसा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोमनाथ साहू एवं उनके परिवार द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के लिए सराहनीय सहयोग किया जा रहा है। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों के बैठने हेतु दरी प्रदान करने के बाद अब बच्चों के लिए प्रिंटेड लोअर एवं टी-शर्ट प्रदान किए गए। वहीं विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर साहू परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर, पूरी सहित भोजन कराया गया।

इस अवसर पर सहायक शिक्षक अविनाश मानिकपुरी, प्रधान पाठक महेंद्र देशलहरे एवं समस्त शाला परिवार ने सोमनाथ साहू एवं उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीणों से विद्यालय एवं बच्चों के विकास में इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

### विश्व ओजोन दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर 16 सितंबर को नवीन शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी में विज्ञान संकाय के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, निबंध-व्याख्यान एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ओजोन परत के महत्व, संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निबंध-व्याख्यान प्रतियोगिता में योगिता, पांचवां सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की चांदनी एवं भूमिका संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पांचवें सेमेस्टर के चंदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. के.आर. रावटे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं विज्ञान संकाय के सदस्य उपस्थित रहे।



# भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों से लें कर्मठता और सृजन की प्रेरणा, मेहनत एवं हुनर से समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव - किरण रविन्द्र वैष्णव

### विश्वकर्मा जयंती एवं मानस महोत्सव में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आंको में भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव एवं दो दिवसीय रामचरित मानस महोत्सव का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति श्रीमती बिरम मंडावी एवं जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती पल्लवी स्वामी नायडू, धन्नालाला यादव, सुभाष यादव, तुलाराम साहू, नैनसिह पटेल, देवानंद साहरे, धर्मवीर चन्द्रवंशी, कल्याण सिंह संरपंच, खिलावन साहू, शंकर साहू, हरिराम निषाद, झंकार साहू, लक्ष्मण साहू, बंशीलाल हरामे, मुकेश मंडावी सहित आयोजन समिति के सदस्यगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे। अतिथियों के ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों एवं आयोजन समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, कला, कौशल और श्रम के प्रतीक हैं। उनके जीवन एवं कार्यों से हमें मेहनत, हुनर और कर्म के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव श्रम एवं कौशल का सम्मान करने का भी अवसर है और समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में मेहनतकश लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रीमती वैष्णव ने रामचरित मानस महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि रामचरित मानस हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों का महत्वपूर्ण आधार है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, सेवा, कर्तव्य, मर्यादा और आदर्श का संदेश देता है। आज के समय में ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल आस्था तक



सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं। दो दिवसीय रामचरित मानस महोत्सव के दौरान मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण एवं संगीतमय वाचन किया गया।

भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र एवं उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, शिल्प और कर्म के प्रतीक, उनकी आराधना से समाज को परिश्रम और निर्माण की प्रेरणा मिलती है,व धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी गौरवशाली परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती बिरम मंडावी एवं श्रीमती पल्लवी स्वामी नायडू ने भी आयोजन के लिए ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचलों में संस्कृति, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्राम आंको में विश्वकर्मा जन्मोत्सव एवं रामचरित मानस महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजन में शामिल होकर भक्तिभाव के साथ भगवान श्रीराम एवं भगवान विश्वकर्मा का स्मरण किया। इस अवसर पर अतिथियों ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## गोकना में विकास कार्यों का भूमिपूजन, ग्रामीणों को मिली 15.23 लाख की सौगात

### सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम शेड और पक्की नाली निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

गंडई पंडरिया (दावा)। ग्राम पंचायत गोकना में गुरुवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम शेड एवं पक्का नाली निर्माण सहित कुल 15.23 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत कार्यों में 6.50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 5.73 लाख रुपये से मुक्तिधाम शेड निर्माण तथा 3 लाख रुपये की लागत से पक्का नाली निर्माण शामिल है। इन कार्यों के भूमिपूजन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू जंघेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुईखदान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश मेहता जिला भाजपा उपाध्यक्ष, राकेश ठाकुर गंडई मंडल अध्यक्ष, लीलाराम साहू महामंत्री, टेकन देवांगन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, लक्की टंडन, डोंगरू साहू सरपंच भूरभूसी, राजेलाल सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांतसिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना एवं किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गोकना में जल्द ही उचित मूल्य दुकान भवन की स्वीकृति दिलाने की घोषणा की। इसके साथ ही मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष भवन एवं बालिका शौचालय की स्वीकृति जल्द कराने की बात कही।

### आवश्यकता के अनुसार आगे भी होंगे विकास कार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुईखदान के उपाध्यक्ष राजू जंघेल ने कहा कि ग्राम का सर्वांगीण विकास उनका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने जनपद विकास निधि से 3 लाख रुपये के पक्का नाली निर्माण की स्वीकृति की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार आगे भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### स्वच्छता का लिया संकल्प

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीणों को हर घर में दीप जलाने, साफ-सफाई करने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने सेवा एवं स्वच्छता का संकल्प लेते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच उमेंद्र राम साहू, उपसरपंच गणेश राम साहू, सचिव लोकेश जंघेल, रामा साहू, मुक्तानन्द साहू, तारण पटेल, भुवन साहू, जितेंद्र श्रीवास, संतोष साहू, देवानंद साहू, कौशल श्रीवास्तव शिक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सड़कों पर मवेशी राहगीरों के लिए बन रहे खतरा, फिर हुआ एक्सीडेंट

डोंगरगांव (दावा)। सड़क में मवेशियों के बैठने और घूमने के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। पिछले दिनों नगर के साकेतधाम के पास अनेक सड़क दुर्घटनाएं हुई और एक युवक की जान भी चली गई थी लेकिन स्थानीय प्रशासन के द्वारा सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया है। वहीं शहर में अन्य ग्रामीण क्षेत्रो से मवेशियों को छोड़ा जा रहा है। बता दें कि गुरुवार 17 सितम्बर को भी डोंगरगांव से राजनांदगांव जाने वाले स्टेट हाइवे में न्यू योगेश दोसा सेंटर के सामने एक बाइक सवार मवेशी से टकरा गया। इस सड़क दुर्घटना में युवक को चोट आयी है और बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को कुंदन साहू 20 वर्ष डोंगरगांव से राजनांदगांव की ओर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 आईडी 5321 से जा रहा तभी डोंगरगांव के न्यू योगेश दोसा के सामने उसकी बाइक मवेशी से टकरा गई और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस सड़क दुर्घटना में उसे गंभीर चोट आई है। घायल युवक को आसपास के लोगों और स्थानीय पुलिस की मदद से डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि उसके नाक की हड्डी टूट गई है और चेहरे में चोट आई है । प्राथमिक और आवश्यक उपचार पश्चात युवक को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।



# जिस गांव में कोटवार नहीं, वहां 10 एकड़ सेवा भूमि पर दावा!

**0 पुराने रिकॉर्ड के आधार पर भूमि दर्ज कराने की मांग, पंचायत ने तहसीलदार के निर्देश पर भेजा प्रस्ताव**

**0 ग्रामीण बोले- आवेदक अन्य गांव में है पदस्थ, वर्तमान स्थिति और दस्तावेजों की हो निष्पक्ष जांच**

ठेलकाडीह (दावा)। ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली के आश्रित ग्राम कलकसा की करीब 4.0470 हेक्टेयर (लगभग 10 एकड़) बेशकीमती भूमि को लेकर राजस्व स्तर पर चल रही प्रक्रिया ने ग्रामीणों के बीच गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला तब गरमाया जब उक्त भूमि को अपने नाम कोटवारी सेवा भूमि के रूप में दर्ज कराने के लिए आवेदन सामने आया। खास बात यह है कि आवेदक वर्तमान में ग्राम जोगीदल्ली (पंचायत भैसातरा) में कोटवार के रूप में कार्यरत बताया जा रहा है, जबकि कलकसा में उसकी कोई पदस्थापना नहीं है।

तहसीलदार घुमका कार्यालय के दस्तावेजों के अनुसार, आवेदक धनसु राम (पिता स्व. परदेशी) ने ग्राम कलकसा स्थित खसरा नंबर 299/27, रकबा 4.0470 हेक्टेयर भूमि को अपने नाम कोटवारी सेवा भूमि दर्ज कराने की मांग की है। तहसीलदार घुमका के 15 मई 2026 के ज्ञापन का हवाला देते हुए बताया गया कि आवेदक के पिता परदेशी राम को यह भूमि कोटवारी सेवा भूमि के रूप में आवंटित थी। इसी पुराने राजस्व रिकॉर्ड को आधार बनाकर अब नए सिरे से नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### पुराना रिकॉर्ड बनाम वर्तमान स्थिति पर तकरार

ग्रामीणों का कहना है कि पुराने राजस्व रिकॉर्ड का अपना महत्व है, लेकिन वर्तमान कोटवारी व्यवस्था और भूमि की वास्तविक स्थिति की अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि आवेदक वर्तमान में जोगीदल्ली में कोटवार है, तो कलकसा की सेवा भूमि पर उसका दावा किस प्रशासनिक व विधिक आधार पर बनता है, इसकी गहन जांच होनी चाहिए।




ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि करीब 10 एकड़ शासकीय भूमि गांव के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। आने वाले समय में शासकीय भवन, खेल मैदान, सड़क विस्तार और सामुदायिक उपयोग के लिए इस जमीन की आवश्यकता होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि अंतिम निर्णय से पहले नियुक्ति व पदस्थापना आदेश, सेवा भूमि के राजस्व अभिलेख, वर्तमान खसरा-खतौनी और बी-1 रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया जाए।

### पंचायत के प्रस्ताव पर उठे सवाल

तहसीलदार कार्यालय द्वारा 29 मई 2026 तक प्रस्ताव भेजने का निर्देश ग्राम पंचायत को दिया गया था। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या पंचायत ने प्रस्ताव पारित करते समय आवेदक की वर्तमान पदस्थापना और सेवा शर्तों की पड़ताल की? क्या पुराने रिकॉर्ड और वर्तमान व्यवस्था का मिलान किया गया?

### तहसीलदार के निर्देश पर भेजा प्रस्ताव - सचिव

ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली के सचिव नेमचंद वर्मा ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि पंचायत ने अपने स्तर से कोई मनमाना प्रस्ताव तैयार नहीं किया है। तहसीलदार के निर्देशानुसार बाकायदा ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित किया गया और उसकी प्रति अधिकृत रूप से संबंधित राजस्व कार्यालय को प्रेषित की गई है।

### मोदी जी के जन्मदिवस आशीर्वाद का दीया....



डोंगरगांव ( दावा )। डोंगरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में दीपक जलाए.

# एशियन गेम्स : आज भारत और जापान के बीच मुकाबला

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में उतरने के लिए तैयार है। अब तक दो टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है और अब टीम इंडिया की बारी है। भारतीय क्रिकेट टीम हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में इस टूर्नामेंट में उतरेगी। भारत का मैच 18 सितंबर यानी शुक्रवार को खेला जाएगा। इस मैच को आप कितने बजे से देख सकते हैं, इसकी जानकारी हम आपको दे रहे हैं। कहीं ऐसा ना हो कि शाम के चक्कर में आपका मैच छूट जाए।

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला टीम के सफर की शुरुआत होने वाली है। अब तक बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। बांग्लादेश बनाम चाइना के मैच में बारिश हो गई, इसलिए बेहतर रैंकिंग के आधार पर बांग्लादेशी टीम



अगले राउंड में पहुंच गई है। पाकिस्तान और थाईलैंड के बीच मैच खेला गया। बारिश ने इसमें भी बाधा डाली और इसे 11 ओवर का ?कर दिया गया। आखिरी ओवर में किसी तरह से पाकिस्तान ने मैच जीत लिया और वो भी अंतिम चार में पहुंच गई है।

भारत और जापान के बीच 18 सितंबर शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगा

भारतीय क्रिकेट टीम का मुकाबला शुक्रवार को जापान से होना है। ये मैच भारतीय समय अनुसार सुबह साढ़े दस बजे से होगा। इससे आधे घंटे पहले यानी दस बजे होगा। इसी दिन यानी 18 सितंबर को ही पहला मैच सुबह साढ़े पांच बजे से शुरू होगा, इसमें श्रीलंका और मलेशिया की टीमें आमने सामने होंगी। यानी अगर आपको टी20 मुकाबला शाम को देखने की आदत है तो इसे बदल दीजिए, क्योंकि साढ़े दस बजे से शुरू होकर मैच करीब एक बजे तक खत्म हो जाएगा। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है, यानी एक मैच जीतते ही टीमें सेमीफाइनल में चली जाएगी। भारतीय टीम अगर सेमीफाइनल में पहुंच जाती है तो उसका मैच 22 सितंबर को होगा।

# भारत और साउथ कोरिया के बीच होगी डेविस कप के दूसरे राउंड में भिड़ंत

नई दिल्ली। डेविस कप में 18 और 19 सितंबर को भारतीय टेनिस टीम दूसरे राउंड में साउथ कोरिया के खिलाफ मुकाबले खेलेगी। ये मैच साउथ कोरिया की मेजबानी में सियोल के ओलंपिक टेनिस कोर्ट में खेले जाएंगे। इसमें 18 सितंबर को दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें दोनों ही सिंगल्स के मैच होंगे और इसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना कोरियाई खिलाड़ी क्वोन सून-वू से होगा। डीके सुरेश की रैंकिंग को लेकर बात की जाए तो वह 367 है लेकिन उन्होंने पहले राउंड में नीदरलैंड के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। वहीं भारत और साउथ कोरिया के बीच में मुकाबले का सीधा प्रसारण VETO OTT पर किया जाएगा।

सियोल के ओलंपिक कोर्ट में होने वाले भारत और साउथ कोरिया के बीच में डेविस कप के दूसरे राउंड के मुकाबले का सीधा



प्रसारण भारत में VETO OTT पर किया जाएगा, जिसमें 18 सितंबर को जहां मैच की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 पर होगी तो वहीं 19 सितंबर को पहला मुकाबला सुबह 8:30 पर खेला जाएगा।

भारत और साउथ कोरिया के बीच डेविस कप में हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच में अब तक 11 बार मुकाबला देखने को मिला है, जिसमें साउथ कोरिया 6 बार जीतने में कामयाब रहा है तो वहीं भारतीय टीम ने 5 बार जीत हासिल की है। वहीं भारतीय टीम पिछले 2 बार साउथ कोरिया को मात देने में कामयाब रही है जिसमें साल 2016 में भारतीय टीम ने 4-1 के अंतर से जीत हासिल की थी। वहीं सियोल में होने वाले दूसरे राउंड के मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी वह अंतिम-8 के लिए इटली के बोलोग्ना का टिकट हासिल कर लेगी। भारत अभी तक डेविस कप के इतिहास में तीन बार फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हो सका है, जिसमें साल 1966, 1974 और 1974 खिताबी मुकाबले खेले हैं लेकिन तीनों में रनरअप टीम के तौर पर खत्म किया है। अब इस बार टीम इंडिया की नजरें खिताब जीतने पर हैं, जिसमें सुमित नागल और डीके सुरेश को अहम भूमिका निभानी होगी।

# जैसा परिवेश होगा वैसे संस्कार पढ़ेंगे : आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी

राजनांदगांव(दावा)। श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस व्यास पीठ पर विराजित सुप्रसिद्ध भगवताचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने कहा कि हम जो भी कार्य करते हैं वह परमेश्वर द्वारा ही कराया जाता है, ऐसा समझ कर किया गया कार्य फलीभूत होता है, यदि हम किसी कार्य का बखान स्वयं द्वारा किए जाने का करते हैं तो उसे कार्य में होने वाली त्रुटि, व्यवधान के दोषी हम स्वयं होते हैं। कुलदेवी की कृपा एवं पितृ देवों के आशीर्वाद से कार्य करने का भाव रखने पर का दोष हमें नहीं लगता परमात्मा घट घट के वासी हैं। ध्रुव तारा अपने स्थान पर अटल रहता है व्यक्ति को भी अपने अचार-विचार को स्वच्छ रखते हुए धर्म संस्कृति के प्रति आस्था अटल रखनी चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि हम बच्चों को जिस परिवेश में रखेंगे वैसा ही संस्कार उसे प्राप्त होगा इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने परिवार का वातावरण सनातन संस्कृति के अनुरूप रखते हुए बालक को शिक्षित होने की प्रेरणा देवे। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि धर्म के प्रभाव से जीव स्वर्ग को प्राप्त करता है आयुष, कीर्ति प्राप्त करता है मृत्यु के पूर्व ना कोई शाखा संबंधी रहता है और ना ही बाद में जीव अकेला आता है एवं अकेला ही जाएगा प्राणी धर्म के माध्यम से सुख शांति समृद्धि आयु संपत्ति को प्राप्त करते हैं एवं आवागमन के बंधनों से छूटकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं धर्म प्रत्येक प्राणी का माता-पिता, बंधु भाई, सखा है स्थिति कैसी भी हो धर्म का आश्रय नहीं छोड़ना चाहिए। आज प्राणी अपने दुख से दुखी नहीं है बल्कि दूसरे के सुख से दुखी है परमात्मा ने हमें सुंदर देह दी है, दो आंखें प्रभु के दर्शन हेतु, दो कान प्रभु के गुणानुवाद सुनने, मुंह प्रभु का गुणगान करने, दो हाथ प्रभु की वंदना करने, दो पैर प्रभु के मंदिर तक जाने हेतु एवं मन प्रभु भक्ति में लीन रहने हेतु प्रदान की है । इसका सदुपयोग कर भाव बंधन से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं, मन वाणी से किए कर्म फल को भोगना ही पड़ता है ।

स्त्री का धर्म क्या है : पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि स्त्री को सूर्योदय से पूर्व उठाना चाहिए



एवं घर में झाड़ू लगानी चाहिए, स्नानादि से निवृत होकर सुंदर भोजन बनावे एवं प्रभु को भोग लगावे। सास, ससुर, पति, जेठ, ननंद का आदर सत्कार करें एवं छोटों से वात्सल्य भाव रखें। जो स्त्री अपने पति को पलट कर उत्तर देती है वह अधर्मी है। धन द्रव्य के समान है इसे संग्रहीत करने से कुमार्ग में चला जाता है अर्थात वह दवा, अस्पताल या छापे में शासन के पास चला जाता है। अतः धन का सदुपयोग करें। धन को धर्म-दान कार्य में लगावे तो वह बढ़ता जाता है। सत्य के आचरण से धन को प्राप्त करने का प्रयास करें। छत पर रुका हुआ पानी भी दीवार को तोड़कर अपने लिए मार्ग बनाकर टपकने लगता है ,धन को दान-धर्म में लगावे, तीर्थ में लगावे तो पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि गुरु अपने शिष्य को, पिता अपने पुत्र को और राजा अपनी प्रजा को धर्म का उपदेश नहीं देती तो वह उसके द्वारा किए गए पापों के लिए स्वयं दोषी होते है। अतः गुरु अपने शिष्य को, पिता अपने पुत्र को एवं राजा अपनी प्रजा को धर्म की शिक्षा देवे, जिससे उसका एवं सबका कल्याण होगा। हम जैसा बीज बोएंगे वैसा ही फल प्राप्त होगा। गीता में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया कि कर्म करो , इच्छाओं से परे हो जाओ, क्या परिणाम होगा उस पर विचार ना करो एवं कार्य का निष्पादन करो यही धर्म है। पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि व्यक्ति को अपनी चारपाई से उठते समय चारपाई में ही प्रभु का स्मरण करना चाहिए , रात्रि में विश्राम करने के पूर्व चारपाई में पहुंचकर प्रभु का धन्यवाद करें कि वह आज का दिन आनंद से व्यक्तित्व कर सका और अपने कर्मों को समर्पित कर देवे। भोजन - वस्त्र आदि प्रभु के चरणों में निवेदित कर ग्रहण करें तो प्रसाद बन जाता है । दूसरे के दुर्गुणों को नहीं वरन सद्गुणों को देखना चाहिए।

साधु से तात्पर्य : पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि साधु वह व्यक्ति है जो सत्पुरुष, मृदुभाषी, आज्ञाकारी, धर्मज्ञ, दयालु प्रवृत्ति दूसरों के दुखी से दुखी होने वाला व्यक्ति हो वह साधु है। सूपा का उदाहरण देते हुए आचार्य श्री ने कहा की सूपा से अनाज सुधारने पर जो कंकर-कचरा-डंठल इत्यादि होते हैं वह सामने आकर बाहर गिर जाते हैं। वहीं शुद्ध अनाज पीछे की ओर चला जाता है, साधु के गुण को अपने अंदर उतारे। एक जीव को माता-पिता गुरु, बुजुर्ग के अनुभव रूपी ज्ञान से शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, जिससे जीवन सफल हो सके ।

मोह का चक्र व्याधियों का मूल है इसमें ना पड़े। वृक्ष हमें जीवन देते हैं इसके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है । गंगा की महिमा अपरंपार है उसका आचमन, स्नान तथा उसकी रज को मस्तक पर लगाने से जीवन धन्य हो जाता है एवं पाप नष्ट हो जाते हैं। घर पर स्नान करते हुए भी हर-हर गंगे का उच्चारण करने से गंगा स्नान के पुण्य का फल प्राप्त होता है। हमारी संस्कृति में अतिथि को देवों के समान माना गया है अतिथि का सदैव सत्कार करें। कथा प्रसंग में हिरणकश्यप वध एवं भक्त प्रहलाद की सजीव झांकी की प्रस्तुति की गई।

# पक्के घर से मिली खुशियों की सौगात, धुलेश्वरी बाई का परिवार अब चिंता से मुक्त



पीएम आवास योजना-ग्रामीण से बदली ग्राम रानीतराई की धूलेश्वरी बाई की जिंदगी, मिला सम्मानजनक जीवन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने का संकल्प धरातल पर साकार हो रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम रानीतराई निवासी श्रीमती धूलेश्वरी बाई को पक्का मकान मिलने से उनके परिवार का जीवन सुगम और सुरक्षित हो गया है। कभी कच्चे मकान में बारिश की सीलन और विषैले जीव-जंतुओं के खौफ में जीवन गुजारने वाला यह परिवार अब पक्की छत के नीचे सुकून से रह रहा है। अपनी आपबीती साझा करते हुए श्रीमती धूलेश्वरी बाई ने बताया कि पहले उनका घर कच्चा था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण बच्चों की कॉपियां, किताबें और गृहस्थी का सामान भीग जाता था। हर मौसम में परिवार को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत स्वीकृत 1 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता से उनका अपना पक्का मकान तैयार हो सका है। पक्का आशियाना बनने से अब बारिश के दिनों की दुश्वारियों से हमेशा के लिए निजात मिल गई है। बच्चे सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं और पूरा परिवार भयमुक्त होकर सुख-शांति से गुजर-बसर कर रहा है।

# आरसीए के तीन खिलाड़ियों का दुर्ग जिले में अंडर-14 में बीसीसीआई द्वारा आयोजित कैम्प हेतु चयन किया गया



कैम्प हेतु निहाल सोनकर, विजेन्द्र यादव, राजवीर त्रिपाठी का चयन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 का ट्रायल दुर्ग जिला क्रिकेट संघ में किया गया जो कोच संदीप शुल्के के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम प्राप्त कर रहे साहू सदन में सुबह 7 बजे से 10 बजे एवं शाम 5 बजे 6 बजे तक। जिसमें राजनांदगांव के तीन खिलाड़ियों का चयन कैम्प हेतु निहाल सोनकर, विजेन्द्र यादव, राजवीर त्रिपाठी का चयन छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के किया गया है जिसमें कैम्प हेतु मैच खेलने के उपरांत टीम का गठन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ अंडर-14 का मैच के उपरांत राज्य के कैम्प हेतु टीम का गठन किया जाएगा। इसी के तहत बीसीसीआई में भी मैच खेला जाएगा। तीनो खिलाड़ियों की दुर्ग जिले में चयन की संभावना है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के टीम बीसीसीआई द्वारा अंडर-14 टीम का निर्माण किया जाएगा।

# शक्तिधाम में ऋषि पंचमी पर औषधीय जड़ी-बूटियों से हुई पूजा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाबूटोला (वार्ड क्रमांक 1) स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम में ऋषि पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर ऋषियों एवं गुरुओं का आह्वान किया गया। साथ ही जंगल से लाई गई औषधीय जड़ी-बूटियों का विधिवत पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

मंदिर परिसर में समस्त धार्मिक अनुष्ठान गुरुदेव हरीश यादव के पावन सान्निध्य में संपन्न हुए। गुरुदेव ने नागदेवता का पूजन-अभिषेक कर क्षेत्रवासियों के लिए शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरुदेव हरीश यादव ने कहा कि ऋषि पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी प्राचीन श्रद्धा और संवेदना को दर्शाने वाला अवसर है। पूजन के दौरान परंपरागत बिहाट गीतों का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। आयोजन के दौरान सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**रूसी तेल खरीद पर 100 प्रतिशत टैरिफ....**

पर नजर रखी जा रही है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और अपनी जरूरतों के लिए ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण जारी रखेगा। भारत ने अमेरिकी पक्ष के साथ इस कदम के द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर संभावित प्रभावों को लेकर भी बात की है।दक्षिण-एशियाई और प्रवासी

0 रूस से तेल खरीद बना बड़ा मुद्दाः रूस से मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए इस पूरे विवाद का अहम हिस्सा है। अमेरिकी कानून का उद्देश्य रूस के ऊर्जा राजस्व पर दबाव बढ़ाना और ऐसे देशों पर आर्थिक दबाव डालना है जो रूसी ऊर्जा खरीद जारी रखते हैं। भारत ने अपनी ओर से ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने की बात कही है।

**केंद्र सरकार का बड़ा फैसला; पेट्रोल, डीजल...**

घरेलू ईंधन की दरें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों, विदेशी मुद्रा विनिमय दर, सरकार द्वारा लगाए जाने वाले स्थानीय टैक्स और तेल विपणन कंपनियों की मूल्य निर्धारण नीति पर निर्भर करती हैं। सरकार के इस फैसले से मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से जुड़े कारोबारियों पर लगने वाला टैक्स का बोझ कम होगा। अगले दो सप्ताह में इस बदलाव का सकारात्मक प्रभाव देश के निर्यात कारोबार और पेट्रोलियम बाजार पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल सकता है। फिलहाल आम उपभोक्ताओं और बाजार विशेषज्ञों की नजर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के रुख और आगे सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले अगले नीतिगत फैसलों पर बनी रहेगी।

**उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच...**

समाचार एजेंसी PTI के मुताबिक, ऑपरेशन शुरू होने के कुछ समय बाद जंगल के इलाके से कुछ राउंड फायरिंग और धमाकों की आवाज सुनाई दी। बताया गया कि सुरक्षाबलों ने संदिग्ध ठिकाने को निशाना बनाते हुए कार्रवाई की थी। फिलहाल सुरक्षा बल पूरे इलाके की तलाशी ले रहे हैं। मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान और उनके संगठन से जुड़े होने की जानकारी की पुष्टि की जा रही है। इससे पहले सितंबर में जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस कार्रवाई में पाकिस्तान का रहने वाला लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर यासिर मारा गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, यासिर की तलाश में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन अशदर चलाया था। इसके तहत स्पेशल फोर्सेज और 53 राष्ट्रीय राइफल्स की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। रिपोर्टों के अनुसार, यासिर लश्कर-ए-तैयबा के सुलैमान मूसा ग्रुप से जुड़ा रहा था। बाद में वह इस ग्रुप से अलग हो गया था और अलग तरीके से सक्रिय था। सुरक्षा एजेंसियां बडगाम के यूसमर्ग इलाके में उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। उधमपुर में ताजा मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान जारी रखा है। अधिकारियों का फोकस यह पता लगाने पर है कि जंगल में कोई अन्य आतंकी मौजूद है या नहीं।

**टीएमसी का नाम और सिंबल दोनों हुए फ्रीज....**

अपनी पसंद के तीन-तीन नाम मांगेः इसका मतलब यह भी है कि चुनाव आयोग ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी के भीतर उन दो विरोधी गुटों की स्पष्ट रूप से पहचान की है, जो पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं. चुनाव आयोग ने कहा कि 'चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968' के पैरा 15 के तहत ठोस निर्णय की आवश्यकता है. वह निर्णय आने तक अंतरिम आदेश लागू रहेगा. दोनों गुटों से कहा गया था कि वे 18 सितंबर को सुबह 11 बजे तक चुनाव आयोग को अपनी पसंद के तीन-तीन नाम और मुक्त चुनाव चिह्न सौंप दें.

**श्रमवीरों के परिश्रम और पसीने से हो रहा समृद्ध....**

मुख्यमंत्री ने पंजीकृत श्रमिकों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से ई-बाइक सहायता योजना प्रारंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि काम के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय करने वाले श्रमिकों के लिए आवागमन की सुविधा सीधे तौर पर उनकी आजीविका और जीवन

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

की सहजता से जुड़ी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे परंपरागत रिक्शा चालकों को आधुनिक साधन अपनाने, अपनी आय बढ़ाने और स्वरोजगार को अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाना है। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महिलाओं को आत्मनिर्भरता और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराकर एक सशक्त श्रमिक परिवार का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है।

महासम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रम विभाग के विभिन्न मंडलों द्वारा संचालित 26 योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से 1 लाख 43 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खातों में 51 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण भी किया।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में श्रम विभाग के तीन मंडलों के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों के लिए 67 प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा से लेकर उनके बच्चों की शिक्षा, विवाह सहायता और आर्थिक सशक्तीकरण तक जीवन के विभिन्न चरणों में ये योजनाएं श्रमिक परिवारों का संबल बन रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि श्रमिकों तक पहुंचाई गई है। उन्होंने प्रदेश के सभी पात्र श्रमिकों से श्रम विभाग में अपना पंजीयन कराने और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'श्रमेव जयते' के मूलमंत्र को साकार करते हुए राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि संसाधनों की कमी किसी श्रमिक परिवार के प्रतिभावान बच्चे के सपनों की राह में बाधा न बने। श्रमिक का बच्चा भी देश के श्रेष्ठ विद्यालय में पढ़े, उच्च शिक्षा प्राप्त करे और अपनी प्रतिभा के बल पर जीवन में ऊंची उड़ान भरे - सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिक परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के पहले वर्ष 100 बच्चों को इसका लाभ दिया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 200 बच्चों तक कर दिया गया है। इन विद्यार्थियों की शिक्षा का पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आगे बढ़ने में भी सरकार सहयोग कर रही है। महासम्मेलन में एक प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिक परिवार की प्रतिभाशाली बेटी मनिंदर कौर को लैपटॉप और एक लाख 75 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। मनिंदर ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी सूरत में प्रवेश सुनिश्चित किया है। उनकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई का पूरा खर्च अब श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मनिंदर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक बेटी की उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए प्रेरणा है। आर्थिक परिस्थितियां प्रतिभा की उड़ान को सीमित न करें, इसके लिए सरकार हर संभव सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए दिन-रात परिश्रम करते हैं। सरकार उनके इस सपने को अपना संकल्प मानकर आगे बढ़ा रही है। श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए मजबूत आधार दिया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल, 25 स्वास्थ्य अधिकारियों के तबादले



रायपुर। छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्य में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 25 स्वास्थ्य अधिकारियों और विशेषज्ञों का तबादला किया है। आदेश के तहत प्रदेश के कई जिलों में तैनात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, सिविल सर्जनों तथा अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को नई पदस्थापना दी गई है। इस फेरबदल के अंतर्गत रायपुर, महासमुंद, सुकमा, बेमेतरा, धमतरी, सूरजपुर, कोरिया, सरगुजा, बिलासपुर और मुंगेली सहित कई जिलों के चिकित्सा अधिकारी प्रभावित हुए हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी तथा महासमुंद के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान रायपुर में उप संचालक के पद पर भेजा गया है। वहीं सुकमा के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा को स्थानांतरित करते हुए महासमुंद के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार दिया गया है। जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा से डॉ. भुवन विजय कुर्रे को सुकमा के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद पर तैनात किया गया है। बेमेतरा जिले के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा से डॉ. शरद कोहाड़े को स्थानांतरित कर बेमेतरा का प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त किया गया है। धमतरी जिला चिकित्सालय के प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार टोंडर को धमतरी के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही धमतरी के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक को जिला चिकित्सालय मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिला चिकित्सालय धमतरी से डॉ. आदित्य सिन्हा को उसी चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का दायित्व दिया गया है।

# नि:शुल्क सहायक उपकरण के लिए मूल्यांकन शिविर 21 से 24 सितम्बर तक

**पात्र वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों से मूल्यांकन शिविर में शामिल होने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाय) एवं एडीआईपी योजना अंतर्गत 21 सितम्बर से 24 सितम्बर 2026 तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिले में दिव्यांगजन व वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मंगलवार 21 सितम्बर 2026 को सामुदायिक भवन छुरिया, बुधवार 22 सितम्बर 2026 को गांधीसभागृह राजनांदगांव, गुरूवार 23 सितम्बर 2026 को मण्डी परिसर डोंगरगढ़ एवं शुक्रवार 24 सितम्बर को बहुउद्देशीय भवन मोहड़ में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार ने बताया कि मूल्यांकन शिविर में एलिम्को के तकनीकी दल द्वारा वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों का परीक्षण व मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षण उपरांत पात्रतानुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, स्टुल विथ कमोड, वाकिंग स्टीक एडजेस्टेबल, बैसाखी, साईज, टेट्रापेड, फोल्डिंग वाकर, सरवाईकल कालर, श्रवण यंत्र, स्पाईनल सपोर्ट, फुट केयर कीट, कनी ब्रेस, पोलीमर जेल, एलएस बेल्ट, वाकर फोल्डिंग, चश्मा सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल, फोल्डिंग व्हील चेयर, मोटराईज्ड ट्रायसायकल, बैसाखी कोहनी (साईज 1 एवं 2), बैसाखी (छोटा, मध्यम, बड़ा), वाकिंग स्टीक, ब्रेल केन, फोल्डिंग (दृष्टिबाधित), ब्रेल किट, रोलटर, साईज, श्रवण यंत्र, सीपी चेयर, लेप्रोसी सू, मोबाईल फोन, सुगम्य केन, टीएलएम किट, कैलिपर्स, जॉय स्टिक व्हील चेयर सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। निश्शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए वरिष्ठजनों को प्रतिमाह 14500 रूपए से कम का आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटो तथा दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर, आधार कार्ड, प्रतिमाह 14500 रूपए से कम का आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रदर्शित पासपोर्ट साईज फोटो दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को के माध्यम से तीन वर्ष से जिन हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान नहीं किया गया हो, उन्हीं नवीन पात्र वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। मोटराईज्ड ट्रॉयसायकल हेतु 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के हितग्राहियों के लिए समय-सीमा 5 वर्ष निर्धारित है। पात्र वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों से शिविर में शामिल होकर निश्शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए मूल्यांकन शिविर में शामिल होने की अपील की गई है।

# लंबित फसल बीमा दावा भुगतान के निराकरण हेतु किसानों से बैंक विवरण जमा करने की अपील




राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025-26 में फसल बीमा कराने वाले कुछ किसानों की दावा भुगतान राशि विभिन्न बैंकिंग एवं खाता संबंधी कारणों से उनके बैंक खातों में जमा नहीं हो पा रही है।

जिले में ऐसे कुल 5412 आवेदन लंबित व प्रक्रियाधीन हैं। विकासखंडवार लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों में राजनांदगांव से 1545, डोंगरगढ़ से 2290, डोंगरगांव से 603, लाल बहादुर नगर से 829 तथा छुरिया से 145 आवेदन शामिल हैं। बीमा कंपनी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार दावा भुगतान में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित किसानों से आवश्यक बैंक संबंधी जानकारी प्राप्त की जा रही है। ऐसे किसान अपने आधार से लिंक बैंक खाते की पासबुक के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की फोटोकॉपी, जिस पर बैंक की सील, हस्ताक्षर एवं आईएफएसडी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो, अपने निकटतम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करने कहा गया है। यदि किसान का पूर्व बैंक खाता बंद अथवा निष्क्रिय हो गया है, तो संबंधित बैंक से संपर्क कर सक्रिय एवं आधार-लिंक बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। वहीं बीमित किसान की मृत्यु होने की स्थिति में नामिनी व कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज-मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र एवं संबंधित निर्धारित प्रपत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

कृषि विभाग द्वारा प्राप्त सभी जानकारी का संकलन कर संबंधित बीमा कंपनी को प्रेषित किया जाएगा, ताकि पात्र किसानों के लंबित दावा भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जा सके। कृषि विभाग द्वारा लंबित दावा भुगतान के निराकरण की कार्रवाई समय पर पूर्ण करने के लिए पात्र किसानों से आवश्यक दस्तावेज शीघ्र अपने निकटतम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अपील की गई है।

# गणपति महामहोत्सव: बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**22 सितंबर तक जमा कर सकेंगे उत्तर, 23 सितंबर को होगी विजेताओं के उपहारों की घोषणा रामाधीन मार्ग में 33वें वर्ष का भव्य आयोजन, सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु ले सकेंगे हिस्सा**

राजनांदगांव (दावा)। सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के तत्वावधान में रामाधीन मार्ग स्थित पंडाल में 14 से 25 सितंबर तक विघ्नहर्ता गणपति महामहोत्सव श्रद्धा, संस्कार और सेवा भाव के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन के 33वें वर्ष के उपलक्ष्य में सनातन संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रवि शर्मा, दिनेश अग्रवाल व करन अग्रवाल ने बताया कि आयोजन अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल के अभिनव प्रयासों से धर्म जागरण के अंतर्गत यह पहल की जा रही है, जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### प्रतियोगिता के प्रमुख नियम व विवरण

पात्रता: प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए खुली है। प्रतियोगिता शुल्क: 51रूपये मात्र। जमा करने की अंतिम तिथि:22 सितंबर 2026 तक उत्तर लिखकर पंडाल परिसर में जमा किए जा सकते हैं। पुरस्कार घोषणा: 23 सितंबर 2026, रात्रि 8:00 बजे महापूजा के अतिथियों द्वारा विजेताओं की घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। आकर्षण: प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 विशेष पुरस्कारों सहित कई आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

### प्रतियोगिता के 5 प्रश्न:

भगवान गणपति के 21 नाम लिखें।
भगवान विष्णु के आठवें अवतार को कौन सा अवतार कहते हैं?
भगवान गणेश को दो पत्नियों का श्राप किसने दिया था?
भगवान विष्णु किसके द्वारपाल बने थे?
नारद ऋषि किस देवता का स्मरण करते हैं?

उक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति के प्रचार प्रभारी मनीष यादव एवं हर्ष अग्रवाल ने दी।

# गौरी नगर में 11वें वर्ष धूमधाम से विराजे गणपति बप्पा



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गौरी नगर स्थित शीतला माता मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर निरंतर 11वें वर्ष भी विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा की स्थापना पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में समूचा क्षेत्र भक्तिभाव से सराबोर नजर आया। विगत 10 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 11वें वर्ष में समिति एवं वार्डवासियों द्वारा अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ भगवान लंबोदर का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों के बीच प्रतिमा की स्थापना की गई। इसके उपरांत महाआरती कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर गौरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नगरवासी, युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। आगामी दिनों में पंडाल में प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से दर्शन-लाभ लेने की अपील की है।

# प्रधान पाठक ने राज्यपाल पुरस्कार की राशि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु की समर्पित



खैरागढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला संडी में बुधवार का दिन बच्चों के लिए विशेष उत्साह और उमंग लेकर आया।। शाला की प्रधान पाठक डॉ. पद्मा साहू ने अपनी निष्ठा और उत्कृष्ट सेवा के लिए प्राप्त 'राज्यपाल पुरस्कार' की सम्मान राशि को बच्चों के हित में समर्पित करते हुए कक्षा एक और दो के 25 बच्चों को 'हाउस ड्रेस' भेंट की।

नई और आकर्षक हाउस ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खुशी और गर्व से खिल उठे।। विद्यालय में हाउस प्रणाली लागू होने से बच्चों में न केवल अनुशासन, स्वच्छता और समानता की भावना मजबूत होगी, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं में उनका आत्मविश्वास और टीम भावना भी बढ़ेगी।। यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास और शाला में उनकी नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। ड्रेस वितरण का यह गरिमामय कार्यक्रम विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) सुजीत चौहान, संकुल समन्वयक प्रयाग सिंह, ग्राम पंचायत संडी की सरपंच उर्मिला राजकुमार वर्मा, पंच अनीता श्रीवास, पंच चेतन वर्मा, प्रभारी प्रधान पाठक निहारिका झा, वरिष्ठ शिक्षिका फ़िरोज़ खान एवं लेखानायक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रधान पाठिका के इस प्रेरक और अनुकरणीय कदम की सराहना करते हुए कहा कि अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि और पुरस्कार राशि को छात्रहित में लगाना बच्चों के प्रति असीम स्नेह और समर्पण का अनूठा उदाहरण है।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर दिनांक 11 सितंबर से हिंदी सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालकगण संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं डॉ मनीष जैन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वल के साथ हुआ।

इस अवसर पर छात्रों ने सुमधुर सरस्वती वंदना और हिंदी भाषा को समर्पित स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें प्रमुख पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, भाषण , वाद-वाद एवं निबंध लेखन शामिल है। संस्था के डायरेक्टरगण ने अपने संदेश में कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े देश हिंदी को अपना रहे हैं जो इस बात का प्रमाण है कि हमारी भाषा में कितनी व्यापकता एवं वैज्ञानिकता है ।

हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति की पहचान है। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब आप सभी युवा चेहरे को देखती हूं तो मुझे भारत का भविष्य नजर आता है। ज्ञान विज्ञान तकनीकी और अंग्रेजी ज्ञान आज के समय में आवश्यक है। मैं इससे इनकार नहीं करती लेकिन अपनी भाषा को भूलकर कम आंककर हम कभी आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी राष्ट्र नहीं बना सकते। हिंदी को अपने विचारों में अपनी, बातचीत में ,अपने लेखन में गर्व के साथ शामिल करें। भाषा वही जीवित रहती है, जिसका प्रयोग उसकी युवा पीढ़ी करती है। इसलिए इस हिंदी सप्ताह में हम संकल्प लें कि अपनी राष्ट्रभाषा का सम्मान करेंगे तथा इसके समृद्ध साहित्य को पढ़ेंगे और गर्व से कहेंगे कि हम हिंदी हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मंच का संचालन एन एस एस प्रभारी प्राध्यापक विजय मानिकपुरी ने किया और कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में सड़क विकास को मिली बड़ी सौगात, 370.40 करोड़ के कार्य स्वीकृत

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मजबूत हो रहा जिले का सड़क नेटवर्क**
**6 प्रमुख सड़क परियोजनाओं से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में बढ़ेगी कनेक्टिविटी**

मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को सड़क विकास की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 6 प्रमुख सड़क कार्यों के लिए कुल 370.40 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के साथ पुल-पुलिया निर्माण भी शामिल है।

इनके पूरा होने से जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा बेहतर सड़क संपर्क से विकास गतिविधियों को गति मिलेगी। इनमें सबसे बड़ा कार्य राजनांदगांव-डोंगरगांव-चौकी-मोहला-मानपुर राज्य मार्ग क्रमांक-24 का है। किमी 2/8 से 100/2 तक 93.90 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 282.48 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के बेहतर होने से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन और परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।इसी तरह मानपुर से बसेली-मदनवाड़ा-कारेकट्टा-सीतागांव मार्ग के 30.65 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए आकस्मिकता निधि अंतर्गत 42.74 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कौड़ीकसा-अरजकुण्ड-पाटन मार्ग के किमी 8 से 25/8 तक 17.80 किलोमीटर हिस्से के चौड़ीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण सहित कार्य के लिए 30.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इसके अलावा कुदुरघोड़ा से वाड़वी मार्ग के 6 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 5.90 करोड़ रुपये, कहड़बरी-लोहत्तर मार्ग के 6.60 किलोमीटर हिस्से को 14 मीटर चौड़ाई में मजबूतीकरण के लिए 4.42 करोड़ रुपये तथा रेतेगांव से हुरेली मार्ग के 4 किलोमीटर निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित के लिए 4.32 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### आवागमन के साथ कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा लाभ

इन सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से जिले के गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होगा। इससे आम नागरिकों के आवागमन के साथ कृषि उपज के परिवहन, स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क सुविधा से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा होगी। जिले में स्वीकृत ये सड़क कार्य क्षेत्र के समग्र विकास और मजबूत कनेक्टिविटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की




कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश
17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा सेवा संकल्प अभियान

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी नोडल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को शाम 7 बजे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत शहर के ऐतिहासिक रानी सागर तालाब, बुढ़ासागर तालाब एवं शीतला मंदिर परिसर में एक लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। वहीं मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर डोंगरगढ़ में लगभग 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सेवा संकल्प अभियान के दौरान एक माह तक विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

कलेक्टर ने सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए ई-ऑफिस के माध्यम से प्राप्त फाइलों का निर्धारित समय-सीमा में परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने कहा। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर आवेदकों को समय पर राहत उपलब्ध कराने कहा।

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि जनसामान्य से जुड़े राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने तथा अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### पीएम सूर्यघर योजना के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण करने तथा पात्र हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापना का कार्य तेजी से पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से सूर्यघर सभाएं आयोजित कर योजना के संबंध में व्यापक जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को बैंक प्रोसेसिंग की प्रक्रिया सरल बनाते हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने कहा, ताकि हितग्राहियों की ऋण प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में अब तक 6 हजार हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। योजना से हितग्राही ऊर्जा उत्पादक बनने के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन के माध्यम से आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से करें -

कलेक्टर ने ग्रामीण सड़कों पर टोल टैक्स बचाने के लिए बड़े एवं भारी वाहनों के आवागमन से सड़कों को हो रहे नुकसान को गंभीरता से लेते हुए ऐसे वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त एवं गड्ढों वाली सड़कों पर पेंचवर्क एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने कहा। आगामी गणेश पूजा एवं दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए नगरीय क्षेत्रों की सड़कों का पेंचवर्क प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एमबीबीएस में चयनित निखिल देशमुख ने गांव का बढ़ाया मान, परिवार की पीढ़ियों की मेहनत और संघर्ष को मिली सफलता



मोहला(दावा)। ग्राम दुगाटोला के होनहार युवा निखिल देशमुख का चयन एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (CIMS), बिलासपुर में हुआ है। निखिल की इस उपलब्धि से दुगाटोला सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। वे ओमप्रकाश देशमुख, संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल केंद्र मा.पि. भूर्षा/डूमरटोला के सुपुत्र हैं। निखिल की सफलता महज एक विद्यार्थी की उपलब्धि नहीं, बल्कि परिवार की कई पीढ़ियों के संघर्ष, त्याग और शिक्षा के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी कहानी है। आर्थिक अभावों के दौर में निखिल के पूर्वजों ने अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए चरवाहा तक लगाकर शिक्षा का सपना संजोए रखा। पहली पीढ़ी ने कठिन परिस्थितियों में बच्चों को पढ़ाने का प्रयास किया, दूसरी पीढ़ी ने शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ाया और तीसरी पीढ़ी ने शिक्षा की इस मशाल को आगे पहुंचाया।

# एक लाख से अधिक दीपों से जगमगाया राजनांदगांव, मोदीमय हुआ शहर








## रानीसागर, बूढ़ा सागर और मां शीतला मंदिर परिसर में भव्य दीपोत्सव, बोट से आतिशबाजी ने बांधा समां

### मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बोले- मोदी जी के नेतृत्व में देश में आया सकारात्मक बदलाव

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव सहित गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामय उपस्थिति

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर संस्कारधानी राजनांदगांव में सेवा, श्रद्धा, उत्साह और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐतिहासिक रानी सागर, बूढ़ा सागर, चौपाटी और सनातन आस्था के केंद्र मां शीतला मंदिर परिसर में एक लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीपों की स्वर्णिम आभा से पूरा क्षेत्र जगमगा उठा और शहर ने एक भव्य दीपोत्सव का रूप ले लिया।

रानी सागर में बोट के माध्यम से की गई भव्य आतिशबाजी ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। जल में झिलमिलाते दीपों का प्रतिबिंब और आसमान में बिखरती रंग-बिरंगी रोशनी का नैयनाभिराम दृश्य देखने के लिए शहरवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में बढ़ा भारत का मान - धरमलाल कौशिक

मां शीतला मंदिर के समीप आयोजित मुख्य समारोह में वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आयोजन की सफलता पर शासन-प्रशासन व नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज देश में जो सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व का परिणाम है। विदेशों में भारत की प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों पर पहुंची है। 2014 से पूर्व व्याप्त निराशा के वातावरण को समाप्त कर उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण की मजबूत नींव रखी है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शुभकामना संदेश भी प्रसारित हुआ।

### पद्मश्री विभूतियों ने साझा किए विचार

समारोह में पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को ध्येय बनाकर वे महिला स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में कार्य कर रही हैं। वहीं पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि देश को कोहिनूर जैसा नेतृत्व मिला है। स्वच्छता अभियान और वैश्विक मंचों पर भारत की सफलता का श्रेय मोदी जी को जाता है। उन्होंने मां शीतला से उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

### सेवा और अंत्योदय का संकल्प - अभिषेक सिंह

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और अंत्योदय के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को साकार करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया गया है। ये दीप समर्पण और सेवा भाव के प्रतीक हैं।

### ऐतिहासिक रहा आयोजन - महापौर मधुसूदन यादव

महापौर व जिला संयोजक मधुसूदन यादव ने कहा कि शहर की ऐतिहासिक धरोहरों और आस्था केंद्रों पर एक लाख से अधिक दीपों का प्रज्ज्वलन ऐतिहासिक क्षण है। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे जनउत्सव बना दिया। वहीं आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के प्रभारी सचिन बघेल ने कहा कि एक लाख दीप इस बात के प्रतीक हैं कि विकास का प्रकाश अंतिम छोर तक पहुंच रहा है।

### अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत तक पहुंचा विकास का प्रकाश - कोमल सिंह राजपूत

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब और वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, जनधन, स्वच्छता, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

आशीर्वाद का दिया के प्रभारी सीसीबी के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कार्यक्रम की सफलता से उत्साहित होते हुए बताया कि आज राजनांदगांव में जलाए गए एक लाख से अधिक दीप इस भावना के प्रतीक बने कि जब विकास का प्रकाश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, तभी राष्ट्र की प्रगति सार्थक होती है।

दीपों से जगमगाते रानी सागर और बूढ़ा सागर, मां शीतला मंदिर की आस्था और बोट से हुई भव्य आतिशबाजी ने राजनांदगांव की शाम को यादगार बना दिया। शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा, श्रद्धा और जनभागीदारी के उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस भव्य दीपोत्सव में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पर्यटन मंडल से नीलू शर्मा, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, राजेंद्र गोलछा, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, सावन वर्मा, अमर लालवानी, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, पार्षद शैंकी बग्गा, किशुन यदु, प्रखर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया एवं आभार प्रदर्शन नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम द्वारा किया गया।

# हाल-ए-खास : अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय राजनांदगांव में अव्यवस्थाओं का आलम

राजनांदगांव (दावा)। जिले का अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन दिनों भीषण अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ चुका है। राजनांदगांव जिले के साथ-साथ नवगठित खैरागढ़-छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के वाहन मालिक व आम नागरिक भी नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस और नामांतरण जैसे जरूरी कार्यों के लिए इसी दफ्तर पर निर्भर हैं। तीन जिलों का भार संभाल रहे इस महत्वपूर्ण कार्यालय का पूरा परिसर खुद बदहाली के आंसू रो रहा है। कार्यालय परिसर में प्रवेश करते ही अव्यवस्थाएं साफ नजर आती हैं। पीछे बने पार्किंग स्थल पर टूटी-फूटी कुर्सियां बेतरतीब पड़ी हैं और चारों ओर गोबर व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बरामदे में रखी कुर्सियां भी अपनी दुर्दशा खुद बयां कर रही हैं। कार्यालय के बाहर लगा वाटर कूलर लंबे समय से बंद पड़ा है। जिससे उमस भरी गर्मी में दूर-दराज से आने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है।




तीन जिलों का भार, लेकिन सुविधाएं नदारद, दूर-दराज से पहुंचे आमजन हो रहे परेशान

### महिलाओं के लिए स्थिति बदतर, शौचालय से उठ रही दुर्गंध

दफ्तर में आने वाले आगंतुकों, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। परिसर स्थित शौचालय की नियमित सफाई न होने के कारण वहां से उठती तेज दुर्गंध ने पूरे माहौल को असहनीय बना दिया है। स्वच्छता के दावों के बीच इस बुनियादी सुविधा का यह हाल प्रशासनिक उपेक्षा को उजागर करता है।

### सीसीटीवी कैमरे बंद, समय से पहले खाली हो रहे चैंबर

परिवहन कार्यालय के मुख्य हॉल में निगरानी के लिए लगाए गए दो सीसीटीवी कैमरे भी पूरी तरह बंद पड़े हैं। कैमरे कब से और क्यों बंद हैं, इस पर पक्ष जानने के लिए अधिकारी उपलब्ध नहीं थे।

शुक्रवार 11 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे ही संबंधित अधिकारी अपने कार्यालय का चैंबर छोड़कर जा चुके थे। तीन जिलों की जनता बड़ी उम्मीदों के साथ लंबी दूरी तय कर अपने जरूरी काम कराने राजनांदगांव पहुंचती है, लेकिन कार्यालय में पसरी अव्यवस्थाओं, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें बैरंग या परेशान होकर लौटना पड़ रहा है।

# अभिलाषा परिसर में जगमगाए सैकड़ों दीप, खुशहाल भारत की कामना के साथ 'सेवा संकल्प माह' का हुआ शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार के कुशल मार्गदर्शन में 'सेवा संकल्प माह' के अंतर्गत गुरुवार को प्रथम दिवस अभिलाषा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान, राजनांदगांव में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित कर खुशहाल और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए 'आशीर्वाद के दीप' जलाए गए, जिससे पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून द्वारा नशामुक्त भारत अभियान एवं अभ्युदय योजना के संकल्पों का वाचन किया गया। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्थान के दिव्यांग बालक-बालिकाओं के साथ संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्या श्रीमती वंदना तुरहाते, सचिव श्रीमती रूपम सोनछात्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, महेश खंडेलवाल सहित शिक्षक व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

नशामुक्त भारत अभियान एवं अभ्युदय योजना का हुआ वाचन

### एक दीया कर्तव्य निर्वाह का... एक दीया 'मोदी जी को आशीर्वाद' का...

# स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार प्रज्ज्वलित किया 'आशीर्वाद का दीया'




रायपुर (दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'एक दीया कर्तव्य निर्वाह का, एक दीया नव उमंग और उत्साह का, एक दीया वैश्विक पटल पर संवाद का, एक दीया मोदी जी को आशीर्वाद का..' संकल्प के साथ प्रदेशभर में दीप प्रज्ज्वलित किए जा रहे हैं। राजनांदगांव से लेकर रायपुर और छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक हर घर-आंगन में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति जनभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

इसी कड़ी में राजधानी रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार दीप प्रज्ज्वलित किया। डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं ऊर्जावान जीवन तथा राष्ट्र सेवा के संकल्पों की सिद्धि के लिए मंगलकामनाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए समूचा प्रदेश व देश प्रार्थना कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना की

# सुमति मंडल मना रहा 104वां गणेशोत्सव: आज महाआरती, 56 भोग और भव्य गंगा आरती का होगा आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के ऐतिहासिक गणेशोत्सव मंडलों में शुमार सुमति मंडल कामठी लाइन द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव का 104वां वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। 104वें पावन वर्ष के उपलक्ष्य में मंडल द्वारा 18 सितंबर, शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक एवं भव्य अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सुमति मंडल के अध्यक्ष निलेश शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार रात्रि 7:30 बजे से श्री गणेश जी की विशेष महापूजा एवं महाआरती संपन्न होगी। इस अवसर पर बप्पा को 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया जाएगा।

### भव्य गंगा आरती रहेगी विशेष आकर्षण का केंद्र

आयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य गंगा आरती होगी, जिसे बनारस की तर्ज पर मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में खीर-पूरी का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष निलेश शुक्ला व मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं और परिजनों से सपरिवार इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने और आयोजन को भव्य बनाने की अपील की है।

# गणेश चतुर्थी पर सिद्धिविनायक मां अंबे धाम पहुंचे मधुसूदन यादव व नीलू शर्मा




10वें वर्ष के 10 दिवसीय भंडारे की अतिथियों ने की सराहना, समिति को दी शुभकामनाएं

राजनांदगांव (दावा)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव एवं पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने लखोली वार्ड क्रमांक 31 जनता कॉलोनी स्थित श्री सिद्धिविनायक मां अंबे धाम समिति के आयोजन में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा एवं भाजपा युवा नेता सुनील सेन सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के पश्चात समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए भगवान श्री गणेश की तस्वीर भेंट की। अतिथियों ने समिति द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर लगातार 10 दिनों से आयोजित किए जा रहे भंडारे की जानकारी ली और आयोजन की सराहना की। लगातार एक दशक से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण करने की परंपरा को अतिथियों ने सराहनीय पहल बताते हुए समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। समिति के सदस्यों द्वारा भंडारे की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं प्रसादी वितरण की जिम्मेदारियां संभाली जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, संरक्षक एवं सचिव मोहन सिंह राजपूत तथा सूचना प्रभारी गप्पू सोनकर, प्रकाश यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आयोजन में संरक्षक राजेंद्र लड्ढा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, किशोरी पारख, मनु शुक्ला सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। समिति ने गणेश भक्तों, वार्डवासियों एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भंडारे में शामिल होकर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लेने एवं प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया है।

# मिथिलाधाम गणेश मंदिर में 39वां गणेशोत्सव : 20 सितंबर को 1008 लड्डुओं से होगा सहस्त्रार्चन, प्रतिदिन हो रहा दुग्धाभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में इस वर्ष 39वां गणेशोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गणेश पूजा के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में प्रतिदिन भगवान श्री गणेश का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से दुग्धाभिषेक व विशेष पूजन-अर्चन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ ले रहे हैं।

### 1008 लड्डुओं से सहस्त्रार्चन महापूजा 20 को

उत्सव के तहत रविवार, 20 सितंबर को सुबह 9:00 बजे से मंदिर प्रांगण में विशेष सहस्त्रार्चन पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री गणेश को 1008 लड्डुओं का महाभोग अर्पित कर सहस्त्रार्चन अनुष्ठान संपन्न होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विघ्नहर्ता श्री गणेश का सहस्त्रार्चन पूजन अत्यंत फलदायी, संकटमोचक और मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है।

### श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

श्री गणेश मंदिर के महंत त्यागी बाबा एवं अध्यक्ष अशोक चौधरी ने संस्कारधानी के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों व श्रद्धालुओं से इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने और बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए राजनांदगांव में उमड़ रही भीड़

राजनांदगांव(दावा)। गणेशोत्सव के अवसर पर राजनांदगांव शहर में इन दिनों आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन के लिए शाम होते ही शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं के दर्शन करने राजनांदगांव पहुंच रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com